
वर्ष : 17 अंक: 74 | आगरा | शनिवार 28 जून 2025 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.



उत्तरप्रदेश ,मध्यप्रदेश,छत्तीसगढ़,नई दिल्ली व राजस्थान से एक साथ प्रकाशित

# सांध्य पहल

उत्तरप्रदेश में सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला हिन्दी दैनिक

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

# पुरी में रथ यात्रा रूकी, आज फिर शुरू होगी: आज बलभद्र और सुभद्रा के रथ खींचे गए

## अहमदाबाद में यात्रा कुछ देर में पहुंचेगी शाहपुर

अहमदाबाद (ए.)।

/पुरी पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शुरू हो गई है। सबसे पहले भगवान बलभद्र का रथ भक्तों ने खींचा। कुछ दूर खींचने के बाद अभी रथ रुक गया है। देवी सुभद्रा और भगवान जगन्नाथ का रथ कुछ दूरी तक ही खींचा गया। ये दोनों रथ मंदिर के पास ही खड़े हैं। अहमदाबाद में तीनों रथ दरियापुर तंबू चौकी से शाहपुर की ओर आगे बढ़े गए हैं। सुबह मंगल आरती और विधि विधान पूजा के बाद भगवान जगन्नाथ को नंदी घोष रथ, देवी सुभद्रा को दर्पदलन और बलभद्र को तालध्वज रथ पर विराजित किया गया है। रथ पर भगवान की विधिवत पूजा और भोग हुआ। दोपहर 3 बजे पुरी राजपरिवार के गजपति दिव्य सिंह देव रथ के आगे सोने के झाड़ू से बुहारा लगाकर रथ यात्रा की शुरुआत की।



रथ से भगवान जगन्नाथ अपने भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ करीब 3 किलोमीटर दूर गुंडिचा मंदिर जाएंगे। ये उनकी मौसी का घर माना जाता है।

उधर, अहमदाबाद समेत देश के कई शहरों में रथ यात्राएं निकाली गई हैं। अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। गृह मंत्री अमित शाह ने सुबह 4 बजे मंगल आरती की। इसके बाद मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने पाहिंद विधि कर रथ यात्रा की शुरुआत की। रात तकरीबन 8ः30 बजे भगवान वापस मंदिर लौटेंगे।

### अहमदाबाद जगन्नाथ रथयात्रा में हाथी बेकाबू, एक व्यक्ति घायल

अहमदाबाद में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में शुक्रवार सुबह 10 बजे एक हाथी बेकाबू हो गया और 100 मीटर तक भागा। इसके बाद रथ यात्रा में भगदड़ सी मच गई। लोग इधर-उधर भागते दिखे। बेकाबू हुआ हाथी 17 हाथियों के ग्रुप में सबसे आगे चल रहा था। मुश्किल से काबू पाया गया। इस हादसे में एक व्यक्ति घायल हो गया है।

# राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी पर विशेष जोर: सीएम योगी

## आयुष विश्वविद्यालय के लोकार्पण समारोह की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

गोरखपुर,।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को भटहट स्थित पिपरी गांव में बन रहे महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय का हवाई और स्थलीय निरीक्षण कर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के आगमन को लेकर तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राष्ट्रपति के कार्यक्रम में सुरक्षा, स्वच्छता और सुविधा की बेहतरीन व्यवस्था होनी चाहिए। आयोजन ऐसा हो जो महामहिम की स्मृतियों में रच-बस जाए। सीएम ने मंच, दर्शक दीर्घा, पौधरोपण स्थल, रूट और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने आयुष विवि का एक मॉडल बनवाने और परिसर में स्वच्छता व पार्किंग सहित सभी सुविधाओं के चाक-चौबंद इंतजाम के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में कोई चूक न हो और कार्यक्रम की हर व्यवस्था जिम्मेदारी के साथ हो। इस दौरान कुलपति प्रो. के. रामचंद्र रेड्डी, डीएम, एसएसपी, महापौर, विधायक समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मध्यप्रदेश में 4 एडिशनल एसपी के तबादले, दमोह-उज्जैन और भोपाल के अफसर इधर से उधर

भोपाल ब्यूरो।

मध्यप्रदेश में राज्य पुलिस सेवा के 4 अफसरों के शुक्रवार, 27 जून को तबादले कर दिए गए। इसमें सभी एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। मध्यप्रदेश शासन ने राज्य पुलिस सेवा के चार अफसरों के शुक्रवार, 27 जून को तबादले कर दिए गए। इसमें सभी एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी शामिल हैं। इसमें दमोह, उज्जैन और भोपाल के दो एडिशनल एसपी इधर से उधर किए गए।




एडिशनल एसपी संदीप मिश्रा को दमोह से पुलिस मुख्यालय भोपाल में सहायक पुलिस महानिरीक्षक, एडिशनल एसपी उज्जैन पल्लवी शुक्ला को जबलपुर भेजा गया है। इसी तरह एडिशनल एसपी ( आर्म्स 7बटालियन एसएएफ भोपाल) संजय सिंह पवार को एडिशनल पुलिस डिप्टी कमिश्नर ट्रैफिक जोन 1 एंड 2 भोपाल नगरीय पुलिस और एडिशनल डिप्टी कमिश्नर ट्रैफिक जोन 1 एंड 2 भोपाल नगरीय पुलिस विक्रम सिंह रघुवंशी को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीटीआरआई पुलिस मुख्याल भोपाल पदस्थ किया गया है।

# ब्रिटेन का फाइटर जेट F-xzB भारत में ही ठीक होगा

तिरुअनंतपुरम (ए.)।

ब्रिटिश रॉयल नेवी का फाइटर जेट स्न-35 अब भारत में ठीक होगा। इसके लिए ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम और 2 टो व्हीकल आएंगी। टीम फाइटर जेट में आ रही टेक्निकल प्रॉब्लम को ठीक करेगी, जिसके बाद यह ब्रिटेन के लिए उड़ान भरेगा। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका।



# भाषा विवाद पर 5 जुलाई को उद्धव-राज की संयुक्त रैली: 20 साल बाद दोनों मंच पर साथ नजर आएंगे

## उद्धव बोले- महाराष्ट्र में लैंग्वेज इमरजेंसी

मुंबई (ए.)।

महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे 5 जुलाई को मुंबई में संयुक्त रैली निकालेंगे। इससे पहले उद्धव ने 6 जुलाई और मनसे प्रमुख ने 7 जुलाई को रैली निकालने का ऐलान किया था। उधर, एनसीपी (शरद गुट) चीफ शरद पवार ने भी ठाकरे भाइयों को समर्थन दिया है। पवार ने कहा- महाराष्ट्र में कक्षा 1 से हिंदी अनिवार्य नहीं की जानी चाहिए। अगर कोई नई भाषा शुरू की जानी है तो उसे कक्षा 5 के बाद ही शुरू किया जाना चाहिए। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने इसी साल अप्रैल में हिंदी को तीसरी अनिवार्य भाषा बना दिया था। विरोध के बाद उन्होंने फैसले में बदलाव किया। कक्षा 1 से 5वीं तक पढ़ने वाले स्टूडेंट्स तीसरी भाषा के तौर पर हिंदी के अलावा भी दूसरी भारतीय भाषाएं चुन सकते हैं। शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कहा कि महायुति सरकार का फैसला राज्य में लैंग्वेज इमरजेंसी घोषित करने जैसा है।





# आगामी मोहर्रम पर साफ सफाई को लेकर मुस्लिम समाज के लोगों ने पांच सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

## अल्पसंख्यक मोर्चो के राष्ट्रीय सचिव चौधरी गुड्डू कुरैशी के नेतृत्व में एसडीएम को सौंपा ज्ञापन एसडीएम ने जल्द समस्याओ का समाधान का दिया आश्वासन

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा/किरावली।** आगामी त्योहार मोहर्रम को देखते हुए मुस्लिम समुदाय के लोगों ने समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चो के राष्ट्रीय सचिव चौधरी गुड्डू कुरैशी के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था को लेकर एसडीएम किरावली नीलम तिवारी को पांच सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाजवादी पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चो के राष्ट्रीय सचिव चौधरी गुड्डू कुरैशी ने बताया कि आगामी त्योहार मोहर्रम एंव ताजियों को लेकर आज शुक्रवार को उपजिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी को सफाई व्यवस्था को लेकर पांच सूत्रीय ज्ञापन सौंपा है। जिसमें बताया कि विधानसभा फतेहपुर सीकरी क्षेत्र में जैसे कि कस्बा फतेहपुर सिकरी, कस्बा अछनेरा, कस्बा किरावली, कस्बा रूनकता में पांच जुलाई शाम 6ः00 बजे से सभी कस्बों में अपने अपने स्थान पर ताजिए रखे जाते हैं। यहां अकीदतबनद ताजियों का पांच जुलाई का दीदार करते हैं। और फतिया पढ़ते हैं। पूरी रात चहल-पहल रहती है। छह जुलाई को शाम को 5ः00 से 6ः00 बजे के लगभग जुलूस के रूप में ताजिए निकाले जाते हैं। और कर्बला मैं ले जाकर दफनाए जाते हैं। चौधरी गुड्डू कुरैशी ने बताया कि एसडीएम नीलम तिवारी को ज्ञापन देकर मोहर्रम वाले दिन चारों कस्बों में साफ सफाई कि बेहतर व्यव्स्था कि जाए और जुलूस वाले मार्ग पर पुलिस की तैनाती की जाए। वहीं उप जिलाधिकारी किरावली नीलम तिवारी ने मोहर्रम से पहले सभी समस्याओं का निस्तारण व मार्ग का निरीक्षण कर अवैध बिजली के तारों व मार्ग से अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन दिया। ज्ञापन देने वालों में मुख्य रूप से गुड्डू कुरैशी रईस कुरैशी सद्दाम कुरैशी चौधरी बबुआ कुरैशी सिंधी कुरैशी सुलेमान अहमद फरमान खान




सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

**ये है पांच सूत्रीय मांग**

1-जुलूस मार्ग से लटके व जर्जर तारों को हटाने की व्यवस्था की जाए।

2-बिजली पानी व सफाई की व्यवस्था की जाए।

3- कर्बलाऔ की सफाई वह प्रकाश की व्यवस्था की जाए।

4-जुलूस मार्ग से अस्थाई अतिक्रमण को हटवाया जाए और आवारा जानवरों पर रोक लगाई जाए।

5-वह पुलिस प्रशासन की व्यवस्था की जाए और बिजली के लोहे की पोल जिन पर विधुत धारा प्रवाहित होने का भय रहता है उन विद्युत पोलों पर विद्युत धारा प्रवाहित होने पर बच्चों व सभी अन्य व्यक्तियों के बचाव हेतु उचित व्यवस्था की जाए।

# जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता जांच का व्यापक अभियान, 13 नमूने संकलित




**अलीगढ़।** जिलाधिकारी के निर्देश पर जिले में आमजन को शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा शुक्रवार को व्यापक जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न स्थानों से कुल 13 दूध एवं पनीर के नमूने संकलित किए गए। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दीनानाथ यादव ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम द्वारा इगलास अमूल फैक्ट्री से फुल क्रीम मिल्क का नमूना, मैरिस रोड स्काई बैंक रेस्टोरेंट से पनीर का नमूना, एटा चुंगी चौराहा से एक मिश्रित दूध का नमूना, अफरोज डेयरी मेडिकल रोड एक मिश्रित दूध का नमूना, इगलास से बटर मिल्क का नमूना, मेडिकल रोड दोदपुर से एक दूध का नमूना, बतेरा इगलास से डबल टोण्ड मिल्क का नूमना, गोरई से मिश्रित दूध का नमूना, मैन चौराहा इगलास से पनीर का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि लिए गए कुल 13 नमूनों में से 9 नमूने रिपैक्ड, 1 नमूना बिक्रेट, और 3 मिश्रित दूध के हैं। उन्होंने बताया कि सभी नमूनों को जांच के लिए लैब भेजा गया है, रिपोर्ट आने के बाद दोषी पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन दीनानाथ यादव ने आमजन से अपील की है कि वे शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य पदार्थ ही उपयोग करें और किसी भी प्रकार की शिकायत होने पर तत्काल विभाग को सूचित करें। यह अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जिला वासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके।

# कपिल देव अग्रवाल ने राजकीय आईटीआई का किया निरीक्षण

## युवाओं को हुनरमंद बनाकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना हमारी प्राथमिकता-मंत्री कपिल देव अग्रवाल

**अलीगढ़।** मंत्री व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग, उत्तर प्रदेश शासन श्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा शुक्रवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान स्थित प्रदेश सरकार एवं टाटा टेक्नोलॉजी लि0 के सहयोग से निर्मित कौशलम केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में उपलब्ध अधोसंरचना, प्रशिक्षण की गुणवत्ता, छात्रों की उपस्थिति एवं प्लेसमेंट से संबंधित व्यवस्थाओं का गहनता से जायज़ा लिया। मंत्री जी ने



निरीक्षण के दौरान विभिन्न ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी समस्याएं और सुझाव सुने। आधुनिक तकनीकी उपकरणों की उपलब्धता, स्मार्ट क्लासरूम की व्यवस्था, कौशल विकास के नए पाठ्यक्रमों को शामिल करने और उद्योगों से समन्वय स्थापित कर रोजगार के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। इसके साथ ही परिसर की साफ-सफाई, प्रयोगशालाओं की स्थिति और सुरक्षा मानकों की भी समीक्षा की गई। मंत्री जी ने कहा कि सरकार की मंशा है कि तकनीकी शिक्षा संस्थान केवल डिग्री नहीं, बल्कि रोजगार और आत्मनिर्भरता का माध्यम बनें। उन्होंने कहा कि युवाओं को हुनरमंद बनाकर राष्ट्र निर्माण में सहभागी बनाना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के तहत संस्थान की कार्यप्रणाली को और अधिक दक्ष व प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक सुधारों को शीघ्र लागू करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि संस्थान के प्रशिक्षार्थियों का भ्रमण जिले में संचालित औद्योगिक इकाइयों, अधिष्ठानों में कराया जाए और औद्योगिक अधिष्ठानों के प्रतिनिधियों व माननीय जनप्रतिनिधियों को संस्थान में आमंत्रित कर सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के विषय में जानकारी व विचार विमर्श करके संस्थान में और उच्च श्रेणी का प्रशिक्षण प्रशिक्षार्थियों को प्रदान करने के लिए सहयोग लिया जाए। निरीक्षण के दौरान विधायक कोल श्री अनिल पाराशर, मा0 महानगर अध्यक्ष इंजी0 राजीव शर्मा जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा श्री धर्मवीर सिंह लोधी, मण्डल अध्यक्ष सुभाष शुभानु समेत सीडीओ प्रखर कुमार सिंह, संयुक्त निदेशक (प्रशि0/शिक्षु0) अलीगढ़ मण्डल विनोद कुमार वाजपेई, नोडल प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजेश गौतम, प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अतरौली मोहित कुमार, एमके लोहिया प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कोल, कार्यदेशक दिनेश चन्द्र जोहरी एवं हुकुम सिंह कार्यदेशक उपस्थित रहे।

# 29 जून के बदले अब 28 जून को मनाई जायेगी भामाशाह जयंती व्यापारी कल्याण दिवस, होंगे विभिन्न कार्यक्रम आयोजित

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस 29 जून को राज्य सरकार द्वारा ÷व्यापारी कल्याण दिवस÷ के रूप में जनसहभागिता के साथ मनाये जाने हेतु दिशा-निर्देश निर्गत किये गये हैं। व्यापारी कल्याण दिवस को राज्य स्तरीय कार्यक्रम के रूप में मनाये जाने के दृष्टिगत उक्त दिवस की पूर्व संध्या पर लोक भवन, उ0प्र0 सचिवालय लखनऊ में दिनांक 28 जून 2025 को अपरान्ह 04 बजे से 05 बजे के मध्य आयोजित कायक्रम को मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा सम्बोधित किया जायेगा, जिसका लाइव प्रसारण भी किया जायेगा। उक्त आयोजनों हेतु संस्कृति विभाग को नोडल विभाग तथा राज्य कर विभाग को आयोजनकर्ता विभाग नामित किया गया है। चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में दानवीर भामाशाह के जन्मदिवस को 'व्यापारी कल्याण दिवस' के रूप में दिनांक 29 जून, 2025 को आयोजन किया जायेगा, जिसमें जनपद में 'व्यापारी कल्याण दिवस' की सार्थकता के दृष्टिगत राज्य कर विभाग /एम0एस0एम0ई0/नगरीय विकास विभाग/ग्राम्य विकास विभाग/औद्योगिक विकास विभाग अपने उद्यमियों, व्यवसायियों व स्वयं सहायता समूहों द्वारा इस अवसर पर ओ0डी0ओ0पी0 के स्टाल लगाते हुए उत्पादों के प्रचार-प्रसार एवं विक्रय का कार्य किया जायेगा तथा प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी तथा 'महान दानवीर भामाशाह' की जीवन यात्रा से सम्बन्धित अभिलेखों की भी प्रदर्शनी का आयोजन सभी कार्यक्रम स्थलों पर लगाई जायेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में स्वरांजलि/संगीत/भामाशाह पर नृत्य नाटिका, नाटक के साथ स्थानीय कला संस्कृतिपूर्ण आयोजन कराये जायेंगे। दानवीर भामाशाह पर चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, निबंध आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन जनपद स्तर पर किया जाए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

# जिला स्तरीय जूनियर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन 02 जुलाई से, 15 जुलाई को होगा पुरस्कार वितरण समारोह

**अलीगढ़।** खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश के निर्देशानुसार जिले में जूनियर आयु वर्ग के बालक-बालिकाओं के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम, रामघाट रोड, अलीगढ़ में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किया जाएगा। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना का विकास करना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। जिला क्रीड़ा अधिकारी राम मिलन ने प्रतियोगिताओं के बारे में बताया है कि हॉकी जूनियर बालक प्रतियोगिता, शूटिंग जूनियर बालक प्रतियोगिता 02 जुलाई, एथलेटिक्स जूनियर बालक बालिका प्रतियोगिता 03 जुलाई, कुश्ती जूनियर बालक प्रतियोगिता 04 जुलाई, भारोत्तोलन जूनियर बालक प्रतियोगिता 14 जुलाई, जिम्नास्टिक जूनियर बालक, बालिका प्रतियोगितारू 15 जुलाई को आयोजित की जाएगी। उन्होंने यह भी बताया है कि सभी प्रतियोगिताएं प्रातः 10ः बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित की जाएंगी। खेलों का आयोजन महारानी अहिल्याबाई होल्कर स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा, जहाँ जिले के सैकड़ों खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। खेल विभाग के अनुसार, 15 जुलाई को सायं 4 बजे से विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने कहा है कि प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा और खिलाड़ियों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होगा।

# बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर स्वास्थ्य महकमा सतर्क, सभी ब्लॉकों में आयरन व फोलिक एसिड की गोली समय पर उपलब्ध -डा. नीरज त्यागी, सीएमओ

**अलीगढ़।** जिले में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत बच्चों में एनीमिया की रोकथाम के लिए आयरन व फोलिक एसिड की गोलियों की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा बताया गया है कि जिले के सभी विकास खंडों में आवश्यकतानुसार आयरन की गोलियां उपलब्ध कराई गई हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 नीरज त्यागी ने बताया कि बीआरसी स्तर पर बीईओ, बीआरसी टीम के माध्यम से सभी ब्लॉकों के स्कूलों में आयरन की गोलियां समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं। मार्च 2025 तक के प्राप्त स्टॉक के अनुसार, प्रत्येक ब्लॉक में आगामी महीनों के लिए पर्याप्त मात्रा में गोलियों का भंडारण किया जा चुका है। उदाहरण के लिए अकराबाद को 27 मार्च, छर्रा को 3 मई, जवां को 13 मई, खैर को 14 मई और अन्य विकास खंडों में भी निर्धारित तिथियों पर आई एफ ओ गोलियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। सीएमओ श्री त्यागी ने कहा है कि बच्चों के स्वास्थ्य हितों की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह प्रतिबद्ध है। जिले के सभी स्कूलों में बच्चों को आयरन फॉलिक एसिड की गोलियां समय से उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि बच्चों के शारीरिक विकास और एनीमिया की रोकथाम में कोई बाधा न आ सके। उन्होंने यह भी बताया है कि आयरन की गोलियां स्कूलों के माध्यम से वितरण कराई जाती हैं, ताकि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी किशोर एवं किशोरियों को समय से दवा मिल सके। सीएमओ ने सभी अभिभावकों और विद्यालय प्रबंधन से सहयोग की अपील की है ताकि बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए इस अभियान को सफल बनाया जा सके।

# नाला सफाई कार्य का एसडीएम सदर ने किया निरीक्षण

**हाथरस-।** बरसात के मौसम में शहर में जलभराव ना हो की व्यवस्थाओं को देखने के लिए शुरू कराये गये नाला सफाई कार्य का एसडीएम सदर द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर द्वारा नाला सफाई व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए।शहर में नगर पालिका प्रशासन द्वारा बरसात के मौसम को देखते हुए नालों की सफाई का कार्य कराया जा रहा है और नालों की सफाई व्यवस्था के कार्य का एसडीएम सदर राजबहादुर द्वारा निरीक्षण किया गया। एसडीएम सदर के मुताबिक उन्होंने शहर के माया टॉकीज तथा चामुंडा माता के मंदिर के पास के नालों में अभी सफाई नहीं हुई है। जिससे बरसात में जलभराव की स्थिति संभव है। उन्होंने बताया है कि उक्त संबंध में अधिशासी अधिकारी को सूचित कर दिया गया है।

# यूपी बैंक एम्पलाई यूनियन जिला कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से हुआ गठन

**हाथरस।** यूपी बैंक एम्पलाई यूनियन की बागला इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक में संगठन को और अधिक सक्रिय कर मजबूत करने के लिये मंथन किया गया। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष नन्नूमल, , जीके शर्मा, , वीके शर्मा,,जीसी गुप्ता, राकेश वर्मा, अशोक शर्मा, श्रीकांत गर्ग सहित अन्य लोगों ने सम्बोधित करते हुए संगठन को सक्रिय कर और अधिक मजबूत करने पर बल दिया और कहा कि यदि बैंक कर्मचारी एकजुट नही होंगे तो सरकार से कोई भी मांग मनवा नही सकते है। मंचासीन चुनाव अधिकारी केनरा बैंक के रिटायर्ड अधिकारी उमाशंकर जैन, पदमचंद वर्मा का माल्यार्पण करके स्वागत किया गया था। दोनो चुनाव अधिकारियों द्वारा त्रिवार्षिक जिला कार्यकारिणी का गठन सर्वसम्मिति से किया गया है। पंजाब नेशनल बैंक के अजय कुमार को जिला अध्यक्ष, जिला उपाध्यक्ष यतीश गर्ग, अमन कुमार, रामप्रकाश यादव, जिला मंत्री पद राजेंद्र कुमार, संयुक्त मंत्री निशांत वर्ष्णेय, कोषाध्यक्ष ज्ञानेंद्र रंजन, जिला संगठन मंत्री महेश बाबू, संजय सैनी, नेपाल सिंह, धर्मेंद्र कुमार मीना, अमर सिंह, महिला संयोजिका पद पर इंडियन बैंक की राजरानी, केनरा बैंक की श्रेया खंडेलवाल व पंजाब नेशनल बैंक की नेहा शर्मा को निर्वाचित घोषित किया गया। बाद में सभी ने चुनाव अधिकारियों का आभार व्यक्ति किया । इस मौके पर प्रमुख रूप से पुष्पांकर जैन, महेश चंद्र, रमाकांत, शैलेन्द्र तोमर, अक्षय कुमार, केतन गुप्ता, हुकम सिंह, महेश बाबू, संजय जैन, राजकुमार, आदित्य गोपाल, ओमप्रकाश, वीके गुप्ता, भानू, कमरूद्दीन, राहुल राठौर, प्रिंस, अशोक कुमार, देवेन्द्र गौतम, अमित शर्मा, विनोद कुमार, वरूण सैनी, दिनेश, रिंकू कुमार, राम कुमार, कृष्ण गोपाल, राजा, सुनील, अश्वनी कुमार, अमर कुमार, राकेश वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोध दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर आयोजित हुए विधिक साक्षरता शिविर

## पराविधिक स्वयंसेवकों ने डीडीयू चिकित्सालय, अतरौली, कोल एवं शहरी क्षेत्रों में नशा के विरूद्ध किया जागरूक

**अलीगढ़।** जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनुपम कुमार के दिशा निर्देशन में गठित ड्रग एब्यूज वॉर्निंग नेटवर्क कमेटी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में कार्यरत पराविधिक स्वंय सेवकगणों द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पं0 दीन दयाल उपाध्याय उपाध्याय संयुक्त चिकित्सालय के मीटिंग हॉल में एएनएम के मध्य विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। साक्षरता शिविर में उपस्थित दीनदयाल उपाध्याय के मेडीकल अफसर मनोज कुमार शर्मा व पराविधिक स्वंय सेवक सत्य प्रकाश गोयल, श्रीमती सोनम कुमारी, अभिषेक नायक, अरविन्द पाठक एवं योगेन्द्र कुमार द्वारा नशीली दवाओं के दुरूपयोग से उस व्यक्ति व समाज में पडने वाले असर को बताया गया। कार्यक्रम में नशा मुक्ति केन्द्रों के सम्बन्ध में भी जानकारी प्रदान करते हुए उपस्थितजनों को शपथ दिलाई गई कि ''हम सब शपथ लेते है कि भारत को नशा मुक्त देश बनाने की दिशा में कार्य करेंगे और भारत को नशा मुक्त देश बनायेंगे''। नशीली दवाओं के दुरूपयोग और अवैध तस्करी के विरूद्ध जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं कमेटी के सदस्य नरेन्द्र कुमार, पराविधिक स्वयं सेवक सुश्री नीतू राजपूत द्वारा तहसील अतरौली के ग्राम नगला जाटवान में नशीली दवाओं के दुरूपयोग के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गयी। शिविर में बताया गया कि नशीली दवाओं यथा- गांजा, डायजापॉम, चरस, हिरोईन इत्यादि का उपयोग युवाओं में बहुत तेजी से फैल रहा है इन नशीली दवाओं के उपयोग से व्यक्ति के न केबल शरीर पर प्रभाव पडता है बल्कि उसकी कार्य करने की क्षमता भी प्रभावित होती है। नशीली दवाओं की लत के प्रभाव में व्यक्ति अपने घर



के सामान को भी बेचना शुरू करता है और आपराधिक गतिविधियों में सम्मलित हो जाता है। इन सबके परिणाम स्वरूप उसका परिवार एक त्रासदी से ग्रस्त हो जाता है। इसी क्रम में पराविधिक स्वंय सेवकगण द्वारा कोल तहसील के ग्राम इलियासपुर थाना बन्नादेवी, में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पराविधिक स्वंय सेवक अरविन्द पाठक द्वारा ग्राम के वृद्धजन, युवा पुरूष, बच्चें एवं महिलाओं को 26 जून अन्तर्राष्ट्रीय नशा निरोध दिवस की जानकारी देते हुये अवगत कराया कि नशा केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की समस्या है भारत में नशाखोरी अर्थात तम्बाकू, शराब एवं ड्रग्स की समस्या विशेष रूप से युवाओं में तेजी से फैल रही है अधिकतर लोग नशे के उपयोग के लिए गांजा, हेरोइन, अफीम, ब्राउन शुगर जैसी प्रतिबन्धित नशीली चीजों का प्रयोग करते है जिसके परिणाम स्वरूप उनमें स्वास्थ्य सम्बधी समस्या उत्पन्न होती है। उस व्यक्ति का अपने दिमांग पर कोई नियन्त्रण नहीं होता है नशे के प्रयोग से धीरे-धीरे व्यक्ति को नशे की लत पड जाती है जिसके परिणामस्वरूप वह आपराधिक गतिविधियों में सम्मलित हो जाता है एवं उसका परिवार पूरी तरह से बिखर जाता है। हम सबकी यह जिम्मदारी है कि हम नशा मुक्त भारत के निर्माण में सहयोग करें। नशे के उन्मूलन के लिए परिवार दोस्तों और समाज को जागरूक करे व नशे के प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी सबको अवगत करायें। हम सब का एक ही लक्ष्य है कि भारत को नशा मुक्त भारत बनायेंगे। इसके साथ ही कम्पनी बाग पर ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मजदूर वर्ग के लोगो के मध्य भी पराविधिक स्वंय सेवकों श्रीमती आभा वार्ष्णेय, श्रीमती सईदा खातून एवं श्रीमती नीरजा सिंह द्वारा भी नशीली दवाओं के विरूद्ध विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

# जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति में लगने वाले आय प्रमाण पत्र के संबंध में सभी शिक्षण संस्थानों से साझा की जानकारी

**अलीगढ़।** जिला समाज कल्याण अधिकारी ने छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन पत्र में लगाये जाने वाले आय प्रमाण पत्र के संबंध में कुल सचिव एवं छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी राजा महेन्द्र प्रताप विश्वविद्यालय, अलीगढ मुस्लिम विश्वविद्यालय, मंगलायतन विश्वविद्यालय एवं समस्त प्राचार्य निदेशक कालेज, मेडीकल, बीएड0, बीटीसी, पॉलीटैक्निक, फार्मेसी, आईटीआई, इन्टरमीडिएट एवं माध्यमिक विद्यालय को पत्र के माध्यम से विस्तृत जानकारी साझा की है। उन्होंने बताया है कि शैक्षणिक सत्र 2025-26 में दशमोत्त्तर छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत उच्च कक्षाओं में अध्ययनरत उत्तर प्रदेश के मूल निवासी छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक भत्ता एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना से लाभान्वित करने के लिए शासन द्वारा आवेदन करने के लिए समय सारिणी निर्गत की गई है। नियमावली में दी गयी व्यवस्था के अनुसार छात्रवृत्ति आनलाइन आवेदन में लगने वाला आय प्रमाण छात्र-छात्रा के पिता का एवं पिता के न होने की स्थिति में माता का या माता-पिता दोनों के जीवित न होने की दशा में संरक्षक का मान्य होगा। छात्रा के विवाहित होने की स्थिति में पिता के स्थान पर उसके पति का आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। उन्होंने अपेक्षा की है कि उपरोक्त व्यवस्था के अनुसार उल्लिखित निर्देशों का पालन करने का कष्ट करें।

# कीटनाशी विक्रेता बिल के साथ ही माल खरीदें व बेचें

**हाथरस-।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने समस्त पंजीकृत कीटनाशी विक्रेताओं को निर्देशित किया है कि कीटनाशी का व्यापार करने हेतु अपने अधिष्ठान पर आप द्वारा जिस कम्पनी या थोक विक्रेता द्वारा कृषि निवेश ऋय किया जाता है तो उससे सम्बंधित कम्पनी प्रतिनिधि से या संम्बंधित थोक विकेता से बिल अनिवार्य रूप से लिया जाये एंव अपने पास सुरक्षित रखें, ताकि निरीक्षण के समय निरीक्षणकर्ता अधिकारी द्वारा बिल मॉगे जाने पर प्रस्तुत किये जा सके। समस्त कीटनाशी विक्रता केवल उन्ही कीटनाशी रसायनों की खरीद/विक्री करेगें जिनका अधिकार पत्र (पी.सी.) उनके कीटनाशी प्राधिकार पत्र पर अंकित है। साथ ही समस्त कीटनाशक विक्रेताओं द्वारा कृषि निवेश का विक्रय करते समय बिल/कैश मैमो कृषकों को अनिवार्य रूप से दिया जाये एवं ग्रो सेफ फूड अभियान के अन्तर्गत संबंधित बैनर/पोस्टर की फेमिंग कर अपने प्रतिष्ठान के मुख्य द्वार पर चस्पा अनिवार्य करें। कृषि निवेश के साथ अन्य उत्पाद की जबरन टैगिंग तथा तथा निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर विक्रय न किया जाये।साथ ही यह भी निर्देशित किया है कि सभी विक्रेताओं के द्वारा स्टॉक रजिस्टर तथा सेल रजिस्टर एंव कैश मैमो पूर्ण करके अधिष्ठान पर रखना अनिवार्य है तथा अधिष्ठान पर प्रतिबंधित रसायन की बिक्री करना पूर्णतः वर्जित है। यदि कोई भी बिक्रेता प्रतिबंधित रसायन की बिक्री करता पाया जाता है तो सम्बंधित के विरूद्व कीटनाशी अधिनियम 1968 एंव कीटनाशी नियमावली 1971 में दिये गये प्रविधानों के अर्न्तगत कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी । जिसके लिये सम्बन्धित विक्रेता स्वंय उत्तरदायी होंगे।

# कांवड़ यात्रा व मोहर्रम को लेकर डीएम ने की बैठकःकांवड़ मार्ग पर मांस मदिरा की दुकानें रहेगी बंद

**हाथरस।** आगामी माह के त्योहारों यथा मौहर्रम एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत जिलाधिकारी राहुल पाण्डेय ने पुलिस अधीक्षक चिरंजीवनाथ सिन्हा के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक तैयारियों को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए कहा कि आगामी पर्व मौहर्रम सम्भावित 6 जुलाई एवं श्रावण मास की कांवड़ यात्रा का प्रारम्भ 10 जुलाई से 10 अगस्त की अवधि तक पड़ने वाले श्रावण पर्व शिवरात्रि, नाग पंचमी तथा रक्षाबंधन प्रस्तावित हैं। जिलाधिकारी ने कावड़ यात्रा की तैयारियों के सम्बंध में अधिकारियों को कावड़ यात्रा कार्य को पूर्ण सजगता व गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। कांवड़ियों की सुगमता के लिए कावड़ मार्ग पर जगह-जगह सुविधाओं के उपयोग हेतु संकेतक लगवाने एवं कांवड़ मार्गों में लेन निर्धारित हेतु मार्किंग करने के साथ-साथ शिविरों की स्थापना इस प्रकार से की जाये, जिधर से कांवड़िये चल रहे हों। जिससे कि उन्हें सड़क पार न करनी पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि कावड़ मार्ग पर मदिरा व माँस की दुकानें बंद रहेगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी , अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक, समस्त उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, समस्त अधिशासी अधिकारी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला पूर्ति अधिकारी, आबकारी अधिकारी, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पी.डी. एनएचआई आदि उपस्थित थे।

# बीएनसीएफ की कार्रकारिणी गठित

**हाथरस।** भारतीय न्याय चक्र फाउण्डेशन एक ऐसा संगठन है जो मजलूम और पीडितों की मदद में हमेशा तैयार रहता है चाहे वह कानूनी कार्रवाई से परेशान हो अथवा सामाज द्वारा सताया जा रहा हो। हर पीडित व्यक्ति को न्याय दिलाना ही भारतीय न्याय चक्र फाउण्डेशन के प्रत्येक सिपाही की जिम्मेदारी और कर्तव्य है। यह बातें कस्बा के मुहल्ला जामुनवाला में स्थित डा. कासिम अली के आवास पर भारतीय न्याय चक्र फाउण्डेशन की तहसील स्तरीय कार्रकारिणी गठन के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विष्णु मिश्रा ने कहीं। उन्हों ने कार्रकारिणी में शामिल हुए प्रत्येक पदाधिकारी और सदस्य को जिम्मेदारियां सौंपी। कार्रकारिणी में संजय शर्मा को जिला मीडिया प्रभारी हाथरस बनाया गया तो योगेश चंद्र त्रिवेदी को जिला उपाध्यक्ष हाथरस की जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं रामचरण सिंह बघेल को तहसील उपाध्यक्ष सासनी, तथा डॉ0 कासिम अली तहसील सचिव बनाया गया। अजय कुमार को तहसील महामंत्री एवं व्यंगकार कवि वीरेंद्र जैन नारद तहसील मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके साथ ही अनिल कुमार और रामनिवास उपाध्याय सदस्य के रूप में चुना गया। इन इस दौरान तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध चबूतरा बनाने पर ग्रामीण ने की शिकायत

**हाथरस।** गांव सितहारी में एक ग्रामीण द्वारा अपने दरवाजे के सामने अवैध रूप से चबूतरा बनाए जाने के बाद दूसरे ग्रामीण ने इसकी शिकायत कोतवाली में पुलिस से की है। शुक्रवार को अपनी शिकायत में गांव सितहारी निवासी सत्यप्रकाश दीक्षित पुत्र श्री स्व0 ब्रह्मदेव ने कहा है कि उसके सामने उसके पडौसी का मकान है जिसने रोड पर अवैध रूप से चबूतरा बना रखा है। ग्रामीण ने शिकायत में कहा है कि इसकी शिकायत वह एसडीएम श्रीमती प्रज्ञा यादव, डीएम राहुल पांडेय, एवं तहसील दिवस में की है। मगर कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीण ने शिकायत की है कि शिकायत के बारे में जैसे ही उसके पडौसी को पता चला तो पडौसी अपने भाइयो सहित उसके घर आ धमके और माँ, बहन की गालीयां देते हुये पडौसी ने कहा कि यदि शिकायत वापस नहीं ली तो तू अंजाम भुगतने को तैयार रहना। पीडित ग्रामीण ने पुलिस से शिकायत में कहा है कि पूर्व में भी नामजद उसे कई बार जान से मारने की धमकी और घर आ कर गाली गलौज देते रहे है। पीडित ने अपने परिवार और अपनी जानमाल की रक्षा हेतु पुलिस से गुहार लगाई है।

# मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की 50वीं बैठक संपन्न

**मथुरा-वृंदावन नगर निगम केन्द्र के कुल 3035 परमिटों में से 2318 सीएनजी ऑटो वाहन, परमिट रिन्यूअल व फिटनेस न कराने पर किए गए निरस्त, पारदर्शी ऑनलाइन प्रक्रिया द्वारा नवीन परमिट होंगे जारी आगरा में ट्रैफिक व्यवस्था सुधार हेतु डीसीपी ट्रैफिक की अध्यक्षता में बनेगी कमेटी, एआरटीओ, नगर निगम तथा ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारियों को किया जाएगा शामिल**

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह जी की अध्यक्षता में संभागीय परिवहन प्राधिकरण, आगरा की बैठक लघु सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम प्राधिकरण की विगत बैठक में लिए गए निर्णय पर की गई कार्यवाही का अवलोकन किया गया। बैठक में मंडलायुक्त महोदय के समक्ष प्राधिकरण द्वारा विगत 5 माह में आगरा मंडल में जारी नए परमिट, परमिट नवीनीकरण, वाहन प्रतिस्थापन, परमिट निरस्तीकरण आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया गया कि जनपद आगरा में विभिन्न श्रेणी के वाहनों के नये जारी परमिटों की संख्या 957, फिरोजाबाद में 711, मथुरा में 820 और मैनपुरी में 484 हैं। कुबेरपुर से नोएडा सेक्टर-37 वाया परीचैक पर एक आवेदक के परमिट आवेदन पर विचार किया गया। विभिन्न तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त परमिट जारी करने का निर्णय लिया गया। स्थायी सवारी गाड़ी के परमिट हस्तान्तरण के आवेदन पर विचार किया गया। हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान करते हुए आयुक्त महोदय द्वारा निर्देश दिए गये कि दोनों पक्षों से एफिडेविट लेते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए। मार्ग राया-नौहझील वाया सुरीर पर एक निजी ऑपरेटर द्वारा परमिट जारी रखने हेतु आवेदन दिया गया। आवेदनकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रपत्रों का परीक्षण किया तथा क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज के तर्कों को सुना गया। इस प्रकरण में माननीय उच्च न्यायालय में योजित वाद के दृष्टिगत न्यायाधिकरण के आदेश का अनुपालन करते हुए यथास्थिति बनाये रखने को उचित समझते हुए परमिट जारी रखने की स्वीकृति प्रदान की गयी। सम्भाग के अराष्ट्रीयकृत निजी बस मार्गों पर स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों हेतु प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर विचार किया गया। आगरा से जलेसर वाया खाण्डा-मुडी-खन्दौली-दाउजी, मुडी-एत्मादपुर-बहरन-आंवलखेड़ा-रिजावली मार्ग पर एक परमिट को स्वीकृति दी गयी। सिरसागंज-किशनी वाया करहल-उरावर मार्ग पर चार परमिटों को स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं मैनपुरी से इटावा वाया करहल, किरतपुर, गांगसी, कुचैला मार्ग पर और शिकोहाबाद-एटा वाया रिजोर औंछा मुस्तफाबाद मार्ग पर आये परमिट आवेदनों को लेकर आयुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि संबंधित एआरटीओ अधिकारी द्वारा से मार्गों पर वर्तमान परमिट स्थिति पर फीडबैक रिपोर्ट ले ली जाए तदोपरांत अगली बैठक में उपरोक्त आवेदनों पर विचार किया जाएगा। बैठक में अवगत कराया गया कि मथुरा-वृंदावन नगर निगम केन्द्र में दिनांक 19.12.2016 तक 3035 सीएनजी ऑटो परमिट जारी किए गए थे तत्पश्चात नवीन परमिट जारी करने पर रोक लगा दी गई थी। बार बार अवगत कराए जाने के बाद भी मथुरा- वृंदावन केन्द्र से संचालित सीएनजी ऑटो रिक्शा धारकों द्वारा न तो अपने परमिटों का नवीनीकरण कराया गया और न ही अपने वाहनों की फिटनेस करायी गयी। परमिट धारकों को वाहनों का परमिट नवीनीकरण एवं फिटनेस कराये जाने हेतु कार्यालय स्तर पर व्यक्तिगत नोटिस प्रेषित किये गये एवं 03 दैनिक समाचार पत्रों में दिनांक 27.04.2025/29.04.2025 को सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करायी गयी। उक्त सार्वजनिक नोटिस के पश्चात् भी जिन वाहन स्वामियों द्वारा परमिट नवीनीकरण एवं वाहन की फिटनेस नहीं करायी गयी, उन वाहनों की दिनांक 31.05.2025 की स्थिति अनुसार मथुरा- वृंदावन नगर निगम केन्द्र के बिना परमिट रिन्यूअल व फिटनेस न कराए जाने पर 2318 परमिट निरस्त किये गये हैं। मंडलायुक्त महोदय ने निर्देश दिए कि मथुरा- वृंदावन में श्रद्धालु- तीर्थयात्रियों व आमजन की सुविधा के दृष्टिगत नवीन परमिट जारी किए जाएं, जिसमें बताया गया कि मांग के दृष्टिगत जनहित में प्राधिकरण द्वारा सीमित संख्या में मथुरा- वृंदावन नगर निगम केन्द्र हेतु 200 सीएनजी ऑटो रिक्शा परमिट ऑनलाइन व्यवस्था के माध्यम से जारी किये जाने का निर्णय लिया गया। सचिव प्राधिकरण द्वारा जानकारी दी गई कि समानता, पारदर्शिता के दृष्टिगत उक्त हेतु आवेदनकर्ताओं द्वारा निम्न अर्हताऐं अनिवार्य होंगी :-

1. आवेदक के नाम पर पूर्व से कोई सीएनजी ऑटो रिक्शा/ई-ऑटो/ई-रिक्शा पंजीकृत नहीं होनी चाहिए।

2. आवेदनकर्ता पर जिला प्रशासन / पुलिस द्वारा छः माह से अनधिक अवधि का जारी चरित्र प्रमाण पत्र होना चाहिए।

3. आवेदनकर्ता आगरा नगर निगम का मूल निवासी होना चाहिए।

4. आवेदनकर्ता पर वैध एलएमवी चालन अनुज्ञप्ति होना चाहिए।

5. महिला आवेदनकर्ताओं को वरीयता प्रदान की जायेगी।

6. एक आवेदक का एक आवेदन ही स्वीकार किया जायेगा।

बैठक में सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, को निर्देशित किया गया कि जनपद मथुरा में उक्त का व्यापक प्रचार-प्रसार कराते हुए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रथम बार कम से कम 07 दिन हेतु प्रारम्भ की जायेगी। यदि अर्ह आवेदनों की संख्या 200 से अधिक होती है तो सफल आवेदनकर्ताओं का चयन सार्वजनिक लॉटरी द्वारा किया जायेगा। सचिव द्वारा तद्नुसार सफल आवेदकों को स्वीकृति पत्र पूर्व निर्धारित नीति एवं शर्तों के अनुसार जारी किया जायेगा। प्राधिकरण की बैठक में आगरा में ट्रैफिक समस्या पर भी विचार किया गया, मंडलायुक्त महोदय ने ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार हेतु डीसीपी ट्रैफिक की अध्यक्षता में कमेटी बनाने, उसमें एआरटीओ, नगर निगम तथा ट्रांसपोर्ट यूनियन के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए। बैठक में विभिन्न ट्रांसपोर्टर पदाधिकारियों द्वारा प्राइवेट बसों के सुचारू संचालन हेतु बस अड्डा स्थापना के प्रकरण को रखा गया, संभागीय परिवहन प्राधिकरण द्वारा उक्त प्रकरण पर विचार किया गया।

आगरा में देशी-विदेशी टूरिस्ट बड़ी संख्या में प्राइवेट वाहनों का उपयोग कर आते हैं उन्हें उच्च स्तरीय सुविधाओं युक्त यथा बैठने का स्थान, टॉयलेट, कैफेटेरिया आदि मूलभूत सुविधाओं के साथ, प्राइवेट ट्रांसपोर्टरों द्वारा 02 एकड़ भूमि की सुनिश्चितता करने पर निजी टूरिस्ट बसों हेतु प्राइवेट बस अड्डा स्थापना किए जाने की संभावना तलाशने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी जिलाधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, उप परिवहन आयुक्त श्रीमती विदिशा सिंह, आरटीओ श्री अरुण कुमार, एआरटीओ श्री एनसी शर्मा, श्री आलोक अग्रवाल, क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज श्री बी पी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वित्त मंत्री के नाम जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा गया ज्ञापन



**फिरोजाबाद।** प्रदेश अध्यक्ष बनवारी लाल कंछल के आदेश पर गत दिवस जिलाध्यक्ष अनिल मैनेजर एवं महानगर अध्यक्ष अनुज भारद्वाज के संयुक्त निर्देशन में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में ऑनलाइन ट्रेडिंग के विरोध में एक ज्ञापन सौंपा गया जिसमें अध्यक्ष अनिल मैनेजर एवं अनुज भारद्वाज संयुक्त रूप से कहा कि करोड़ों व्यापारी तथा उनपर निर्भर कर्मचारी पूरी तरह से बर्बाद हो रहे है ऑनलाइन ट्रेडिंग को तुरंत बंद करने महामंत्री पंडित अखिलेश शर्मा ने कहा कि व्यापारी सबसे ज्यादा टैक्स देता है और जन जन तक उनके जरूरत की वस्तुएं पहुंचता है इस पर सरकार को तुरंत रोक लगानी चाहिए कार्यक्रम में हिमांशु शर्मा मनोज कुशवाहा नासिर भाई शमशाद भाई मनीष मिश्रा सज्जाद खान सुनील जैन राधारमण वाष्णेय गिरीश दीक्षित इमरान गजक वाले सहित अन्य कार्यकर्ता तथा पदाधिकारी मौजूद रहे।

# खंदौली में महापुरुषों की प्रतिमा स्थल का सुंदरीकरण भूल गए जिम्मेदार, गंदगी के लगे अम्बार, ज्ञापन सौंपा

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** खंदौली खंड विकास कार्यलय के बाहर हमुमान जी, चंदशेखर आजाद, भगत सिंह की प्रतिमाएं लगी हैं। इसका अभी तक सौंदर्यीकरण नहीं कराया गया है, क्योंकि ब्लॉक प्रशासन महापुरुषों को भूल गया है। उनकी प्रतिमाओं के पास गंदगी की भरमार है। मूर्तियां भी धूल से भरी हैं। इसके साथ ही छुट्टा पशु भी आसपास विचरण कर गंदगी फैला रहे हैं। इनको संवारने की जिम्मेदारी जिम्मेदार भूल चुके है। भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राजवीर लवानियां ने बताया कि सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिमा स्थल से सारा कचरा हटाया जाए, रंगाई पुताई की जाए। आरसीसी से फर्श बनाया जाए, तिरंगा लगाया जाए, लाइटें लगाई जाएँ, साइड से हरी घास लगायी जाए, बैठने की पानी पीने की व्यवस्था की जाए, लेकिन इसकी देखरेख करना ब्लॉक प्रशासन भूल गया है। प्रतिमाओं पर धूल जमी है। इसके साथ ही आसपास गंदगी भी है। प्रतिमा के पास छुट्टा पशु विचरण करते हैं। इसके साथ ही राजनीतिक दल के नेता आशीष शर्मा ने अपने बैनर, होर्डिंग, पोस्टर लगा रखें है। जो उनके लिए बहुत ही ज़रूरी है। जिला अध्क्षय राजवीर लवानियां ने इस मामले को लेकर मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपा। और जल्द से जल्द प्रतिमा स्थल पर सौंदर्यीकरण करने की मांग की।

# डूबते मंदिर पर बैठकर बनाई 'मौत की रील', चंबल की लहरों से खेलता दिखा युवक, वीडियो वायरल

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** सोशल मीडिया पर 'वायरल' होने की होड़ में एक युवक ने अपनी जान को दांव पर लगा दिया। पिनाहट क्षेत्र में उफनती चंबल नदी की तेज धार के बीच डूब चुके शिव मंदिर के शिखर पर बैठकर युवक ने रील बना डाली। तेज बहाव, बढ़ता जलस्तर और चारों ओर खतरे का सन्नाटा, मगर युवक कैमरे में कैद होने की सनक में चोटी तक तैर कर पहुंचा और वहीं बैठकर मोबाइल से स्टंटबाज़ी करता रहा।वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया, जिसके बाद पुलिस और प्रशासन में हड़कंप मच गया। वीडियो में साफ दिख रहा है कि कैसे चंबल की गहराइयों के बीच युवक डूबे हुए मंदिर की चोटी पर बैठकर खतरे से खेल रहा है। बढ़ते जलस्तर के चलते चंबल के किनारे बना यह शिव मंदिर पूरी तरह पानी में समा चुका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि नदी की तेज धार में कोई भी चूक जानलेवा हो सकती थी। कई लोगों ने इस हरकत को गैरजिम्मेदार और उकसावे वाला बताया है। पुलिस अब वायरल वीडियो के आधार पर युवक की पहचान में जुट गई है। अधिकारी लोगों से अपील कर रहे हैं कि ऐसे जोखिम भरे स्टंट से दूर रहें और प्राकृतिक आपदा को मनोरंजन का साधन न बनाएं।

# मूक-बधिर नवविवाहिता को सड़क पर फेंका, पांच ससुरालियों पर मुकदमा दर्ज

**दहेज के दानवों ने इंसानियत को फिर किया शर्मसार, घायल हालत में टेंपो से धक्का देकर भागे आरोपी**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा/किरावली।** जिस रिश्ते की शुरुआत 'कबूल है' से हुई थी, वह रिश्ता लालच की दरारों में टूट गया। किरावली की एक मूक-बधिर नवविवाहिता के साथ हुए बर्बर अत्याचार ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। आरोप है कि ससुराल वालों ने बेटी के दिव्यांग होने का मज़ाक बनाया, उसे पैसों की तराजू में तौला और जब लालच की भूख न मिटी, तो उसे घायल कर टेंपो से सड़क पर फेंक दिया।पीड़िता की मां सिरोज पत्नी स्व. जब्बार निवासी नालबंद चौक, किरावली ने थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने 5 जून 2023 को अपनी मूक-बधिर बेटी शवाना का निकाह मथुरा के धोली प्याऊ निवासी शेर मोहम्मद पुत्र नसरुद्दीन के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से कराया था। लड़के वालों को पहले ही लड़की की स्थिति की जानकारी दे दी गई थी। 10 लाख रुपये में रिश्ता तय हुआ था।

**शुरू में प्यार, फिर तकरार और फिर अत्याचार**

निकाह के कुछ महीनों तक सब कुछ सामान्य रहा, लेकिन फिर शुरू हुआ दहेज का नाटक। आरोप है कि शेर मोहम्मद, उसकी मां, जिठानी और जेठ रफीक ने शवाना से 20 लाख रुपये लाने की मांग शुरू कर दी। पैसे न मिलने पर उसे यातनाएं दी गईं कभी भूखा रखा गया, कभी पीटा गया, कभी कमरे में बंद कर दिया गया।

**सड़क पर फेंकने की साजिश अब मर भी जाए तो फर्क नहीं**

घटना वाले दिन रात के अंधेरे में शवाना को मथुरा से किरावली लाया गया। एक टेंपो से उसे लहूलुहान हालत में चौराहे पर फेंककर आरोपी फरार हो गए। गनीमत रही कि राहगीरों ने युवती को पहचान लिया और परिजनों को सूचना दी।

**पीड़िता ने किया इशारों में खुलासा**

घटना से डरी-सहमी शवाना ने इशारों में अपनी मां को बताया कि उसे जेठ ने गला दबाकर मारने की कोशिश की थी। पूरे ससुराल ने मिलकर उसे प्रताड़ित किया। बेटी की हालत देखकर मां सिरोज की आंखें छलक उठीं लेकिन न्याय की उम्मीद अब भी कायम है।

**किरावली पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

पीड़िता की तहरीर पर थाना किरावली पुलिस ने पति शेर मोहम्मद, ससुर नसरुद्दीन, जेठ रफीक, जिठानी परवीन और सास के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**क्या कहता है समाज**

क्या मूक-बधिर होना गुनाह है? क्या बेटियों की कीमत अब लाखों में आँकी जाएगी? यह घटना न केवल दिल को झकझोरती है, बल्कि समाज और व्यवस्था दोनों पर सवाल भी खड़े करती है।

# बकरी चराने गई महिला की खारी नदी में डूबने से मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव खेड़ा बाकंदा में गुरुवार को दर्दनाक हादसे में एक 25 वर्षीय महिला की नदी में डूबने से मोत हो गई। महिला बकरी चराने के लिए निकली थी, इसी दौरान उसका पैर फिसल गया वह नदी में जा गिरी। जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते, उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना गुरुवार दोपहर करीब एक बजे की है। मृतका की पहचान (25) वर्षीय फूलवती पुत्री मुकेश पत्नी रोहित निवासी खेड़ा बाकन्दा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला बकरियां चराने नदी किनारे गई थी, तभी उसका पैर फिसल गया और वह नदी में गिर गई। चीख पुकार सुनकर ग्रामीण मौके पर पहुचे ओर पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला को नदी से बाहर निकाला,लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और उनकी साँसें थम चुकी थीं। सूचना पर थाना प्रभारी किरावली केवल सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब पुलिस मौके पर पहुंची, तब तक ग्रामीण महिला को नदी से बाहर निकाल चुके थे। मौके पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। मृतका के परिजनों ने बताया की फूलवती और उसकी बहन सोनम की शादी वर्ष 2021 में रुनकता निवासी रोहित और मोहित के साथ हुई थी, लेकिन वह पति के साथ नहीं रहती थी ओर अपने मायके में ही रह रही थी।पुलिस ने महिला के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए एसएन मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी के लिए भेज दिया है। घटना के बाद गांव में शोक की लहर है। कई घरों में चूल्हे नहीं चले और मृतका मां गुड्डी देवी का रो रोकर बुरा हाल है।

# जमीनी विवाद में सास-बहू पर हमला: फतेहपुर सीकरी में 6 लोगों ने की चाकूबाजी, पुलिस ने शुरू की कार्रवाई


सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** फतेहपुर सीकरी के ग्राम पंचायत सोनोती में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। मानसिंह और उनके परिवार के 6 से अधिक लोगों ने दो महिलाओं पर चाकू से हमला कर दिया। घटना की शिकायत करते हुए महादेवी पत्नी मुन्नालाल लोधी ने थाना सीकरी में तहरीर दी। उन्होंने बताया कि विवादित जमीन उनके पूर्वजों की है। इस जमीन पर उनका सामान रखा हुआ था। मानसिंह पुत्र किशोरी और उनके परिवार के लोग इस जमीन पर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे।जब महादेवी और उनकी सास ने कब्जे का विरोध किया, तो आरोपियों ने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने घायल महिलाओं को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा है। थाना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# डिवाइडर से टकराकर क्रेन पलटी, पांच घायल, एक की हालत नाजुक

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** अछनेरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत कुकथला चौकी अंतर्गत दक्षिणी बाईपास पर गुरुवार को एक बड़ा हादसा हो गया। रात्रि करीब नो बजे आगरा से ग्वालियर की ओर जा रही एक क्रेन मंगूरा कट के पास अचानक डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे में पांच लोग घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर बनी हुई हे प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही क्रेन पलटी, मौके पर चीख पुकार मच गई। राहगीरों ने तत्परता दिखाते हुए एम्बुलेंस और पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में एम्बुलेंस मौके पर पहुंची ओर घायलों को अछनेरा सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) पर भर्ती कराया गया। क्रेन में सवार घायलों की पहचान मनीष और रामप्रीत हफरुद्दीन, उदय ओर सोनू के रूप में हुई है। इनमें मनीष को सिर में गंभीर चोटें आई हैं, जिसे प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र के लिए रेफर किया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही कुकथला पुलिस चौकी व अछनेरा थाने से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने क्रेन को हटाकर यातायात सुचारु कराया ओर घायलों के परिजनों को सूचित किया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, बाईपास पर कई स्थानों पर डिवाइडर ओर साइनबोर्ड की कमी के कारण आए दिन हादसे होते हैं। ग्रामीणों ने इस मार्ग पर संकेतक ओर सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है।

# महिला से बैग छिनने वाले अभियुक्त को थाना सिकंदरा पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**आगरा।** स्नैचिंग की घटना का मात्र 24 घंटे में किया गया सफल अनावरण राह चलती महिला से हैण्ड बैग छीनने की घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्त को थाना सिकंदरा पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार। एक महिला द्वारा थाना सिकंदरा पर तहरीर दी गयी कि दिनांक 25 जून.2025 को रात में चर्चित चौराहा के पास वादिया के पास एक बाइक सवार लडका आया और वादिया के हाथ से वादिया का लाल रंग का बैग छीन कर भाग गया, जिसमें उनका मोबाइल फोन, और रू0 200/ रखे थे। इस सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर 26 जून को थाना सिकंदरा पर मुकदमा दर्ज किया गया था। उपरोक्त छिनैती की घटना में सलिप्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु थाना सिकंदरा पर पुलिस टीम का गठन किया गया। 27 जून को गठित पुलिस टीम ने मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर महिला से हैंड बैग छीनने की घटना में संलिप्त अभियुक्त दुष्यन्त पुत्र वीरेन्द्र कुमार नि0 सीआईआरजी कैम्पस फरह , थाना फरह मथुरा को पनवारी की ओर जाने वाले नाला रोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 मोबाइल फोन, रू0 200/ व 01 मोटरसाइकिल (घना में प्रयुक्त बरामद हुई) एवं अभियुक्त की निशादेही पर छीने गये हैण्ड बैग को कूडे के ढेर से बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त दुष्यन्त से बरामद रूपयें व मोबाइल फोन व मोटरसाइकिल के सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उसने बताया कि रात में चर्चित चौराहे के पास से एक महिला के हाथ से उसने बैग छीना था, जिसमें से उसे मोबाइल फोन तथा 200 रूपये का नोट मिला था बैग से रूपये व मोबाइल फोन निकालकर उसने अपने पास रख लिया था और बैग को कूड़े के ढेर पर फेंक दिया था । जिसे पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त की निशानदेही पर कूडे के ढेर से बरामद कर लिया गया। बरामद मोटरसाइकिल के बारे में बताया कि इसी मोटरसाइकिल से उसने घटना को अंजाम दिया था। पुलिस टीम में थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार शर्मा, एसआई अंकुर राठी, एसआई वीरेन्द्र कुमार, कास्टेबल नितिन कुमार, व दीपक व तरूण कुमार व जितेन्द्र कुमार शामिल रहे।



# बंद गली में मिला नवजात का शव: राख डालने गई महिला को दिखा शव, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**अछनेरा क्षेत्र के गांव में बंद गली में मिला नवजात भ्रूण, गांव में फैली सनसनी, पुलिस ने भ्रूण को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, जांच शुरू आक्रोश और पीड़ा से भर उठे गांव वाले**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव बसैया राजपूत में शुक्रवार सुबह एक नवजात का शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना गांव के राशन डीलर मलूका के घर के पास की बंद गली में हुई।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना अछनेरा क्षेत्र के गांव बसैया राजपूत में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया जब गांव की बंद पड़ी एक गली में नवजात भ्रूण पड़ा मिला। यह स्थान गांव के राशन डीलर मलूका के घर के पास स्थित है।बताया गया कि सुबह करीब 10 बजे एक ग्रामीण महिला ने चूल्हे की राख गली में फेंकी, तभी उसे नवजात का शव दिखाई दिया। यह गली दो मकानों के बीच है और वर्षों से बंद पड़ी होने के कारण वहां कूड़ा-करकट फेंका जाता रहा है। शव मिलने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर जुट गए।सूचना पर अछनेरा पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और भ्रूण को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस ने बताया कि घटना की गंभीरता से जांच की जा रही है। आसपास के घरों से पूछताछ की जा रही है और क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है।

**ग्रामीणों में आक्रोश**

घटना से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। लोगों ने इसे अमानवीय कृत्य बताते हुए दोषियों को कड़ी सजा की मांग की है। कुछ लोगों ने आशंका जताई कि भ्रूण को बाहर से लाकर फेंका गया हो सकता है।फिलहाल पुलिस मामले की तहकीकात में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के पीछे की असल वजह स्पष्ट हो सकेगी।

**गांव में गूंजा दर्द और गुस्सा**

इस घटना ने ग्रामीणों को झकझोर दिया है।

लोगों का कहना है कि यह सिर्फ एक अपराध नहीं, बल्कि इंसानियत को शर्मसार करने वाली हरकत है। ग्रामीणों ने दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त सजा देने की मांग की है। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि भ्रूण को गांव के बाहर से लाकर यहां फेंका गया होगा।फिलहाल पुलिस हर पहलू की जांच में जुटी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही इस अमानवीय घटना के पीछे की असल कहानी सामने आ सकेगी।

## संपादकीय

# 27 सालों की दूरी खत्म

दक्षिण अफ्रीका आखिरकार, अपनी आईसीसी ट्रॉफियों से 27 सालों से चली आ रही दूरी को खत्म करने में सफल हो गया। यह दूरी उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप जीत कर खत्म की है। इस सफलता के साथ ही उनके ऊपर लगा चोकर्स का टेग भी हट गया है। दक्षिण अफ्रीका ने 1998 में एकमात्र आईसीसी ट्रॉफी के रूप में नॉकआउट ट्रॉफी जीती थी और बाद में इसी ट्रॉफी को चैंपियंस ट्रॉफी का नाम दे दिया गया था। इसके बाद तमाम मौकों पर वह चैंपियन बनने की तरफ बढ़ता दिखा पर महत्वपूर्ण मौकों पर लड़खड़ाहट की वजह से उसके साथ चोकर्स का टेग चस्पां हो गया था जो इस सफलता के बाद हट गया है। क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लंदन के लार्डस मैदान पर खेले गए फाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने उतार-चढ़ाव वाले फाइनल में गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को शिकस्त दी। दक्षिण अफ्रीका की जीत के हीरो एडन मार्करम और कप्तान टेम्बा बवूमा रहे। मार्करम ने किसी भी गेंदबाज को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया और अपनी शतकीय पारी से जीत की इबारत लिख दी। कप्तान बवूमा ने अच्छी कप्तानी तो की ही साथ ही हैमस्ट्रिंग का शिकार बनने के बाद भी विकेट पर डटे रहकर मार्करम का भरपूर साथ दिया। दोनों के बीच 147 रन की साझेदारी जीत का आधार बनी। यह सफलता दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को आगे ले जाने में बहुत मददगार साबित होगी। दक्षिण अफ्रीका ने जब 2023-24 में न्यूजीलैंड का टेस्ट दौरा किया था, तो दौरे में सभी सीनियर खिलाड़ियों को टीम में शामिल नहीं कर पाया था। लेकिन इस सीरीज के बाद दक्षिण अफ्रीका ने कम अनुभवी खिलाड़ियों पर भरोसा जताना शुरू किया और इसके बाद टीम ने लगातार आठ टेस्ट जीत कर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहली बार खेलने की राह बनाई और वह पहले ही प्रयास में विजेता बन गया। तीन बार इस चैंपियनशिप का अब तक आयोजन हुआ है, और हर बार नई टीम चैंपियन बनी है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया चैंपियन बन चुकी हैं। भारतीय टीम दो बार फाइनल तक चुनौती पेश करके भी विजेता नहीं बन सकी है। भारतीय टीम इसी माह इंग्लैंड के साथ टेस्ट सीरीज की शुरुआत करके 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत करने जा रही है। इसमें प्रदर्शन से ही इस बार भारत की चुनौती में कितना दम है, पता चल सकेगा।

# डिजिटल क्रांतिः छत्तीसगढ़ में टेक्नोलॉजी से ट्रांसफॉरमेशन

हीरा देवांगन



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ डिजिटल इंडिया के सपने को साकार कर रहा है। राज्य सरकार की दूरदर्शी नीतियों और तकनीकी नवाचारों के बल पर छत्तीसगढ़ डिजिटल सेवाओं के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। मंत्रालय से लेकर ग्राम पंचायतों तक डिजिटल तकनीक ने शासकीय कामकाज को आसान एवं प्रभावी बनाया है। प्रदेश के 1460 ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल सेवा केंद्र के माध्यम से बुजुर्ग पेंशनरों, महतारी वंदन योजना की लाभार्थी महिलाओं को नगद आहरण की सुविधा दी जा रही है। विभिन्न योजनाओं की डीबीटी की राशि का ग्राम पंचायतों में ही नगद भुगतान की सुविधा होने से ग्रामीणों को बैंक शाखाओं तक नहीं जाना पड़ रहा है।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मंत्रालयों और संचालनालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को सफलतापूर्वक संचालित करने के बाद अब जिलों में भी ई-ऑफिस का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यालयीन कामकाज में कागजी कार्यवाही को न्यूनतम करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम है। इससे कार्यालयीन कामकाज में तेजी आई है एवं प्रक्रिया और पारदर्शी हुई है। इस पहल से फाईलों के निपटारे में अनावश्यक लेटलतीफी दूर हुई है त्वरित निर्णय हो रहे हैं। 10 डिजिटल सेवाओं की शुरुआत से जमीन की रजिस्ट्री आसान और पारदर्शी हो रही है। आधार प्रमाणीकरण से अपाईमेंट लेकर घर बैठे जमीन एवं मकान की रजिस्ट्री कराई जा रही है। रजिस्ट्री के बाद नामांतरण की प्रक्रिया स्वतः पूरी हो जाती है।

राजस्व प्रशासन को दुरूस्त करने छत्तीसगढ़ के 14 हजार 490 गांवों का जियो रिफ्रेंसिंग का महत्वाकांक्षी कार्य पूरा हो चुका है। इस तकनीक से भूमि संबंधी विवाद दूर होंगे। खरीफ वर्ष 2025-26 में डिजिटल फसल सर्वेक्षण हेतु 14 हजार से अधिक गांवों का चयन किया गया है। ई-कोर्ट के माध्यम से राज्य में राजस्व प्रकरणों का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण किया जा रहा है। साथ ही, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल के माध्यम से शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की रीयल-टाइम निगरानी की जा रही है। शासकीय खरीदी में पारदर्शिता के लिए जेम पोर्टल को अनिवार्य किया गया है, जिससे शासकीय खरीद प्रक्रिया में निष्पक्षता और जवाबदेही बढ़ी है।

प्रदेश के पेंशनरों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और सुलभ बनाया गया है। पेंशनरों और कर्मचारियों के लिए डिजीलॉकर के माध्यम से महत्वपूर्ण दस्तावेज जैसे ई-पीपीओ, जीपीएफ स्टेटमेंट, अंतिम भुगतान आदेश और पेंशन प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जा रहे हैं। एम्प्लाई कॉर्नर मोबाइल ऐप और वेब पोर्टल के माध्यम से शासकीय कर्मचारियों की सेवा जानकारी को अद्यतन करने की प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है।

छत्तीसगढ़ एआई के क्षेत्र में दुनिया से कदम मिलाकर आगे बढ़ रहा है। नवा रायपुर में देश का पहला एआई डेटा सेंटर पार्क स्थापित होने से प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। इससे आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस आधारित सेवाओं के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ की नई पहचान बनेगी। छत्तीसगढ़ सरकार हर वर्ग तक डिजिटल सुविधाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सीजीएमएससीएल द्वारा ऐप के माध्यम से राज्य की दवा आपूर्ति श्रृंखला को रीयल-टाइम में ट्रैक किया जा रहा है। विशेष रूप से आदिवासी क्षेत्रों में समय पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कर यह ऐप स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक प्रभावी बना रहा है।

खनिज विभाग द्वारा ऑनलाइन ट्रांजिट पास की सुविधा ने खनिजों के परिवहन को और अधिक व्यवस्थित और पारदर्शी बनाया है। सीएमओ पोर्टल की शुरुआत ने नागरिकों और सरकार के बीच संवाद को और मजबूत किया है। छत्तीसगढ़ सरकार की ये डिजिटल सेवाएं प्रशासनिक दक्षता को बढ़ाने के साथ ही नागरिकों के जीवन को भी आसान बना रही हैं। इससे गांवों से लेकर शहरों तक हर वर्ग को डिजिटल क्रांति का लाभ मिल रहा है।

**लेखक संयुक्त संचालक हैं**

# श्रीमद् भागवत कथाएं और विघटनकारी सियासत

( डॉ. सुधाकर आशावादी-विनायक फीचर्स)



श्रीमद् भागवत कथाएं सामाजिक समरसता का पर्याय रही हैं। न कभी कथावाचकों की जाति पूछी गई, न ही धर्म। यही कारण रहा कि प्रखर वक्ताओं ने अपनी वाणी के प्रभाव से असंख्य लोगों की विचारधारा को सत्संग की ओर प्रेरित किया, किन्तु जब से कथाओं के नाम पर फिल्मी धुनों और प्रसंगों पर पेरोडी इन कथाओं में सुनाई जाने लगी तथा अनेक धंधेबाज इस क्षेत्र में अपना व्यापार स्थापित करने लगे, तब से कथावाचकों की नीयत पर संदेह उत्पन्न होने लगा। ऐसे में धंधेबाज कथावाचकों पर यदि नकेल कसने के लिए कुछ लोग सामने आए, तो सियासत धंधेबाजों के साथ खड़ी हो जाए तथा उनकी धंधेबाजी को जातीय रंग देने लगी, तो लगता है कि विघटनकारी शक्तियां समाज में वैमनस्य फ़ैलाने का कोई अवसर चूकना नहीं चाहती। वह अपने अस्तित्व को बचाने के लिए किसी भी हद तक समाज विरोधी कृत्य की पीठ थपथपा सकती हैं। यदि ऐसा न होता, तो देश में छोटी छोटी घटनाओं को जातीय रंग देकर सियासत न की जाती। उत्तर प्रदेश में एक राजनीतिक दल सत्ता से दूर होने का दंश झेल नहीं पा रहा है, सो उसका निरंतर यही प्रयास रहता है, कि जैसे भी हो समाज में जातीय संघर्ष को बढ़ावा दिया जाए तथा कुछ विशेष जातियों को लामबंद करके समाज को विघटित करने में कोई कसर बाकी न छोड़ी जाए। यदि ऐसा न होता, तो उत्तर प्रदेश के एक ग्राम में श्रीमद् भागवत कथा के नाम पर ढोंगी कथावाचकों के माध्यम से जातीय संघर्ष की भूमिका तैयार करने का प्रयास न किया जाता। छद्म नाम से कथा के नाम पर धंधा करने वालों को राजनीतिक दल द्वारा समर्थन देकर समाज में जातीय वैमनस्य को बढ़ावा देने का प्रयास न किया जाता। इसे देश का दुर्भाग्य न कहें तो क्या कहें, कि उच्च तकनीकी युग में जब विश्वमानव की कल्पना साकार हो चुकी है तथा अपनी योग्यता के आधार पर व्यक्ति अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट पहचान बनाने में समर्थ हुआ है, वही भारत जैसे समृद्ध राष्ट्र में कुछ लोग और राजनीतिक दल अपनी संकीर्ण मानसिक विकलांगता का परिचय देते हुए समाज में जातीय संघर्ष की भूमिका बना रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव रखने वाले देश में पारिवारिक व सामाजिक उत्सवों में आदिकाल से सम्पूर्ण समाज का योगदान रहा है, किन्तु दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों को शांति सद्भाव कभी नहीं सुहाता, सो जाति और धर्म के नाम पर षड्यंत्रकारी शक्तियां आम आदमी के बीच फूट डालकर अपना राजनीतिक और व्यक्तिगत स्वार्थ पूरा करने का प्रयास करती रहती है। लोकतान्त्रिक व्यवस्था में जहाँ बिना किसी भेदभाव के जीवनयापन के मौलिक अधिकार संविधान द्वारा प्रदान किये गए हैं, वहां कुछ राजनीतिक दल केवल जातीय गोलबंदी के लिए अगड़ा-पिछड़ा, दलित-सवर्ण, अल्पसंख्यक-बहुसंख्यक जैसे विमर्श को समाज में फैलाकर अपनी राजनीतिक मंशा पूरी करने में पीछे नहीं रहना चाहते। आपराधिक घटनाएं हों या धार्मिक आधार पर घटित कोई घटना विघटनकारी तत्व हर घटना में अपना लाभ खोजने लगते हैं। उत्तर प्रदेश आजकल विघटनकारी अराजक तत्वों की प्रयोगशाला बनता जा रहा है। ऐसे में आम शांतिप्रिय नागरिकों की चुप्पी शांति व्यवस्था के प्रति घातक सिद्ध ही सकती है।

## शब्द सामर्थ्य -092

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■3 | 2 | | 3 | 4 | ■6 | ■4 |
| | ■ | 5 | | ■8 | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■10 | 11 | |
| ■12 | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■12 | 15 | | | ■ | ■15 | 16 | 17 | |
| ■17 | 18 | | ■18 | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■17 | ■21 | 20 | | ■19 | 21 | | |
| ■23 | 22 | | | | | | ■23 | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■26 | ■ | 26 | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■2 | सा | म | ना | ■3 | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■8 | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■10 | प | ■ | ■ | ■11 | ड़ी | ■13 | प |
| ■14 | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■20 | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■24 |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■26 | ■21 |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू- दोकू क्र.092

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | 4 | | 3 | | |
| 2 | | | 3 | | | 9 | | 4 |
| | 6 | | | 2 | | | | |
| 3 | | 1 | | | 7 | | 4 | |
| | 2 | | | 1 | | | 6 | |
| 8 | | | 9 | | 4 | | | 1 |
| | | 2 | | 3 | | 7 | | |
| 1 | | | 7 | | 2 | 4 | | 3 |
| | 5 | 3 | | 8 | | | 7 | 2 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.091 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 8 | 3 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 |
| 4 | 1 | 6 | 8 | 9 | 7 | 2 | 5 | 3 |
| 7 | 3 | 5 | 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 9 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 8 | 1 | 4 | 6 | 5 |
| 5 | 4 | 1 | 6 | 7 | 3 | 9 | 2 | 8 |
| 6 | 8 | 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 7 |
| 3 | 6 | 2 | 7 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 |
| 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 6 | 3 | 9 | 4 |
| 1 | 9 | 4 | 5 | 3 | 8 | 6 | 7 | 2 |

## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा , खर्च की अधिकता रहेगी। आज आप भौतिक सामानों की ख़रीद-फरोख्त कर सकते है। दांपत्य जीवन सुखमय रहेगा, आज आपके बच्चे अच्छे से पढ़ाई करेंगे। सगे -संबधियों का आज आपके घर पर आना हो सकता है। आज आपको किसी व्यक्ति से विशेष उपहार मिलेगा। आज आप अपनी दिनचर्या से जुड़े सारे काम अच्छे से करेंगे। आज आपका मन आध्यात्म में ज्यादा लगेगा, जिससे आपको मानसिक सुख की प्राप्ति होगी।

**वृषभ**
आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। जो लोग आज किसी नए काम की शुरुआत करना चाहते है, आज उनके लिए दिन शुभ है। व्यापार में लाभ की स्थिति बढ़िया रहेगी , पारिवारिक माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने काम के सिलसिले में किसी दूसरे शहर की यात्रा पर जा सकते हैं, आज आपकी मुलाकात मित्र से होगी, कुछ पुरानी यादें ताजा होंगी। आज आपको नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज आप किसी बड़े प्रोजेक्ट को लीड करेंगे, जिससे आपको बड़ी जिम्मेदारी का अहसास होगा।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए बेहतरीन साबित होगा। अगर आप किसी प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने के बारे में सोच रहे हैं तो आज अच्छा दिन है। वैवाहिक जीवन में कुछ नयी जिम्मेदारियों का आज आप अहसास करेंगे। बच्चों को लेकर ज्यादा सवेंदनशील होने की जरुरत नहीं है, आज वो अपना काम अच्छे से करेंगे। आज आपको सामाजिक समारोह में शामिल होने के लिए निमंत्रण प्राप्त हो सकता है। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान आज आपको जरुर मिलेगा। छात्रों के लिए आज का दिन ठीक है, आज उनको दोस्तों का सहयोग मिलेगा।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आपको व्यापार में अचानक बड़ा धन लाभ होगा, भौतिक सुख की प्राप्ति होगी। जिस काम के लिए आप काफी समय से परेशान चल रहे थे, आज वो काम पूरा हो जायेगा। ससुराल पक्ष से आज आपको शुभ समाचार की प्राप्ति होगी। टीवी डिबेट में आज आप सामने वालों को डोमिनेट करेंगे। डिजिटल दुनिया में आज आपको बड़ी सफलता मिलेगी। पड़ोसी के साथ आपके रिश्ते मधुर होंगे, आज आपका पड़ोसी आपकी तारीफ करेगा। आप किसी समारोह का आयोजन कर सकते है।

**सिंह**
आज का दिन आपके लिए मिला -जुला रहने वाला है। फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगो को आज किसी बड़ी फिल्म का ऑफर मिल सकता है। जिससे अनुभवी व्यक्तियों के साथ काम करने का मौका मिलेगा। दांपत्य जीवन में सुधार होगा, बच्चों का सहयोग मिलेगा। लवमेट के लिए आज का दिन अच्छा बीतेगा, आज आप लोग शॉपिंग करने जा सकते है। आज किसी मेहमान का आपके घर में आगमन हो सकता है। नौकरी का इन्तजार कर रहे लोगों को ,आज अच्छा ऑफर मिलेगा। आज घर से निकलते समय बड़ो का आशीर्वाद जरुर लें, सब अच्छा होगा।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। इलेक्ट्रॉनिक्स का बिजनेस करने वालों को आज अच्छा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, घर-परिवार में सबसे रिश्ते मधुर होंगे। आज आपको जीवनसाथी से अच्छी खबर मिल सकती है। राजनीति से जुड़े हुए लोगो को आज वरिष्ठ व्यक्तियों से मिलने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आज आप धार्मिक यात्रा पर जाने का प्लान बना सकते हैं। आज बच्चे किसी चीज को लेकर जिद कर सकते है, आप उनको समझाने का प्रयास करें। आज आपकी नौकरी में स्थान परिवर्तन की संभावना बनती दिख रही है।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आप लाभ की स्तिथि में रहेंगे। जो लोग किसी स्टार्टअप को शुरू करना चाहते है, आज उनके पास बेहतरीन ऑफर मिलेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी , बच्चों से खुशियां मिलेगी। अविवाहित व्यक्तियों के लिए आज अच्छा रिश्ता आएगा। लवमेट आज का दिन ख़ुशी से बिताएंगे, आज आप लोग मूवी देखने जा सकते है। जो लोग सामाजिक कार्यक्षेत्र से जुड़े हुए है, उनको आज नयी चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए बेहद खास रहने वाला है। जो लोग प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते है, उनको आज बढ़िया डील मिलेगी। दोस्तों के साथ आज आप अच्छा समय बिताएंगे। छात्रों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, उनको किसी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। मीडिया जगत से जुड़े हुए लोग आज किसी बड़ी खबर पर काम करेंगे, जिससे उनकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ी सर्तकता रखे, अपने खान -पान का ध्यान अवश्य रखें।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बढ़िया धन लाभ होगा, जिससे आपको बिजनेस में ग्रोथ मिलेगी। जीवनसाथी से रिश्ते मधुर होंगे। आज आप परिवार के साथ किसी ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है। डिजिटल दुनिया से जुड़े लोगो को आज एक नयी दिशा मिलेगी, जिससे आप समाज के लिए कुछ बेहतर काम करेंगे। लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या का समाधान होगा। आज आपकी रूचि आध्यात्म में ज्यादा रहेगी, जिससे आज आपको मानसिक शांति का अनुभव होगा। आज आप अपने समय का सही से सदुपयोग करेंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने वालों को आज दोगना लाभ होगा। आज आप पैसों के लेन -देंन से बचकर रहे , किसी अजनबी व्यक्ति पर विश्वास न करे। रोजगार में तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे, पारिवारिक माहौल खुशियों से भरा होगा। आज आपको ससुराल पक्ष से शुभ सूचना प्राप्त हो सकती है। छात्र आज किसी नए कोर्स को ज्वाइन कर सकते है। आज आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, जिससे आज आपको रोज की अपेक्षा बेहतर फील होगा।

**कुंभ**
आज का दिन आपके लिए भाग्यशाली रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा। दाम्पत्य जीवन में खुशियां आएंगी, जीवनसाथी के साथ आज आप डिनर पर जायेंगे। मेडिकल के स्टूडेंट को आज अनुभवी डॉक्टरों से मिलने का अवसर मिलेगा। कला जगत में संगीत से जुड़े हुए व्यक्तियों को आज एक नयी पहचान मिलेगी। आज आप घर के लिए कुछ नया सामान खरीद सकते है। आज आप दोस्त से मिलने उसके घर जा सकते है, कुछ विशेष काम को लेकर बाते होगी। आज आपका मन ध्यान में लगेगा, जिससे मानसिक उलझन से राहत मिलेगी।

**मीन**
आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। व्यापारिक दृष्टि से आज आपके लाभ की स्थिति अच्छी रहेगी। आज आप भौतिक सुख-सुविधाओं पर अत्यधिक खर्च कर सकते है जमीन-जायदाद के मामले में आज आपको कोर्ट-कचहरी से बड़ी राहत मिलने वाली है। आज आप अपने घर पर किसी अनुष्ठान का आयोजन कर सकते है। आज का दिन छात्रों के लिए बेहतर रहेगा, शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। महिलाओं को आज किसी सामाजिक समारोह में शामिल होने का अवसर प्राप्त हो सकता है।

## गुप्त नवरात्र के अवसर पर विशेष-

# सिद्धपीठ तारापीठ: जहां देवी तारा के साथ होती हैं उनके परम भक्त बामा खेपा की पूजा

(शिव शंकर सिंह पारिजात-विनायक फीचर्स)

देवी के दस महाविद्या स्वरुपों में माँ काली, माँ षोडशी, माँ भुवनेश्वरी, माँ भैरवी, माँ छिन्नमस्तिका, माँ धूमावती, माँ बगलामुखी, माँ मातंगी तथा माँ कमला के साथ माँ तारा के नाम शामिल हैं। देवी की दस महाविद्याओं में माँ तारा का विशेष महात्म्य है, जिनका सिद्धपीठ पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिला के रामपुर हाट स्टेशन के निकट अवस्थित है। नील सरस्वती, एकजटा भवानी, तारा तारिणी आदि नामों से संबोधित माँ तारा परम कल्याणी मानी जाती हैं। करुणामयी तारा माँ की एक खास विशेषता यह है कि ये भक्त-वत्सल हैं तथा सबकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। तभी तो तारापीठ मंदिर परिसर में माँ तारा के साथ उनके परम भक्त बामा खेपा की भी पूजा होती है। ऐसा उदाहरण विरले ही मिलेगा कि एक ही स्थान पर भगवान के साथ उनके भक्त की भी पूजा होती हो। कहते हैं कि तारा माँ और उनके अनन्य भक्त बामा खेपा के बीच माता और पुत्र का संबंध था जिनकी कई रोचक कहानियां आपको तारापीठ में प्रवेश करने के साथ ही सुनने को मिलेंगी। तारापीठ बंगाल के साथ पूर्वोत्तर भारत का एक प्रमुख शक्ति-स्थल है जो पटना-हावड़ा लूप रेल लाईन पर झारखंड-बंगाल की सीमा पर रामपुर हाट स्टेशन (बीरभूम जिला, पश्चिम बंगाल) से करीब 8 किमी दूर द्वारिका नदी के तट पर स्थित है। एक खास बात यह है कि बंगाल में शक्ति-पूजा की प्राचीन परम्परा है। यहां के घर-घर में देवी काली की पूजा होती है जिनके मंदिर यहां के हर गली-मुहल्लों में देखने को मिल जायेंगे। तारापीठ (बीरभूम) के अलावा कालीघाट (कोलकाता), कंकाली तल्ला व नलहट्टी (बीरभूम) और किरीतेश्वर (मुर्शिदाबाद), तामलुक (मेदिनीपुर), खीरग्राम व केतुग्राम (कटवा), वक्रेश्वर व फूल्लरा (बीरभूम) तथा रत्नाबली (हुगली) पश्चिम बंगाल के प्रमुख शक्ति-स्थल और शक्तिपीठ हैं। तारापीठ में आद्या देवी शक्ति की अवतार माँ तारा विराजती हैं। इस स्थल की मान्यता एक जाग्रत शक्ति पीठ एवं तंत्रपीठ के रूप में है जहां आराधकों और साधकों की विनती शीघ्र सुनी जाती है। माँ तारा सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य-आरोग्य व ज्ञान-साधना की देवी मानी जाती हैं। यही कारण है कि बिहार, बंगाल और झारखंड सहित देश के कोने-कोने से प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु तारा मां के दर्शन हेतु यहां आते हैं एवं भक्ति पूर्वक पूजन-अर्चन कर मनोवांछित फल पाते हैं।

शक्ति-पीठ तारापीठ के बारे में ऐसी मान्यता है कि यहां देवी की आंखों का तारा गिरा था जिसकी कथा दक्ष प्रजापति के यज्ञ और माता पार्वती के हवन-कुंड में दाह से जुड़ी है। जब पिता दक्ष द्वारा अपने पति शंकर की अवहेलना से व्यथित पार्वती ने हवन-कुंड में कूदकर आत्मदाह कर लिया और इससे उन्मत्त होकर शिव उनके शव को लेकर तीनों लोक में फिरने लगे तो भगवान विष्णु ने सृष्टि के नियमों के रक्षार्थ देवी के शव को सुदर्शन चक्र से काट डाला। जिसके 51 टुकड़े होकर विभिन्न 51 स्थानों में गिरे जिनकी मान्यता 51 शक्तिपीठों में हुई। तारापीठ में देवी की आंखों के तारे गिरे थे, इस कारण इसकी प्रसिद्धि तारापीठ के नाम से हुई। वैसे एक मान्यता यह भी है कि यह स्थल बिहार के महेशी में है।

देवी तारा के आविर्भाव के संबंध में %कालिका पुराण% में वर्णित है कि शुंभ व निशुंभ दानवों से पराजय के बाद जब देवतागण हिमालय में जाकर देवी मातंगी का आह्वान करने लगे





तो देवी के शरीर से महासरस्वती स्वरूप श्वेत वर्णवाली कौशिकी के साथ काले वर्णवाली काली अथवा उग्रतारा प्रकट हुई थीं। देवी तारा नील वर्ण की चार भुजाओं वाली होती हैं जिसमें वे तलवार, खप्पर, कटार और नील कमल धारण करती हैं। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार वशिष्ठ मुनि ने तारा मंदिर के निकट द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान में तारा माँ की आराधना की थी जिसके कारण ये वशिष्ठ आराधित तारा के नाम से भी जानी जाती हैं। डेविड आर. किंसले कैलिफोर्निया यूनिवर्सिटी से प्रकाशित अपनी पुस्तक %तांत्रिक विज़न ऑफ द डिवाइन फेमिनिनन्द टेन महाविद्यास% में बताते हैं कि स्थानीय परम्परा के अनुसार मुनि वशिष्ठ ने इस स्थान को इस कारण अपनी साधना के लिये चुना क्योंकि इसकी प्रसिद्धि सिद्ध पीठ के रूप में थी। वशिष्ठ मुनि ने यहां कठोर तपस्या करते हुए 3 लाख तारा मंत्रों के जाप किये थे जिससे प्रसन्न होकर देवी तारा उनके समक्ष प्रकट हुई। वशिष्ठ के अनुरोध पर देवी ने उन्हें भगवान शिव को दुग्ध-पान कराते हुए मातृ स्वरुप में दर्शन दिये जिसके उपरांत वे शिलामूर्ति में परिवर्तित हो गईं। बाद में द्वारिका नदी के तट पर स्थित श्मशान, जहां वशिष्ठ मुनि ने तपस्या की थी, से प्राप्त तारा माँ की इस शिलामयी प्रस्तर मूर्ति को मुख्य तारा मंदिर में लाकर प्रतिष्ठित किया गया है जिसके उपर देवी की चांदी की मुखाकृति आवेष्ठित कर दी गई है जिसका दर्शन-पूजन श्रद्धालुगण करते हैं। प्रतिदिन देर रात्रि में भक्तों को देवी तारा के शिलारुप का दर्शन कराया जाता है। मुख्य तारा मंदिर के निकट स्थित श्मशान में, जहां वशिष्ठ मुनि ने तपस्या की थी, परिसर में वशिष्ठ मंदिर तथा पंचमुंडी मंदिर निर्मित है जहां साधना करते साधकों को देखा जा सकता है। हिंदू धर्मावलंबियों की तरह बौद्ध धर्म में भी देवी तारा का महात्म्य वर्णित है। बौद्ध धर्म में भी ये शाक्त देवी के रूप में पूजी जाती हैं। बौद्ध धर्म की तिब्बती मान्यताओं में आर्यतारा महायान में नारी बोधिसत्व और वज्रयान में नारी बुद्ध के रूप में पूजी जाती है जो मुक्ति व सफलता प्रदान करती हैं।

माँ तारा के महात्म्य की चर्चा उनके अनन्य भक्त बामाखेपा अर्थात बामदेव का उल्लेख किये बिना अधूरी है। माँ की भक्ति में सुध-बुध खोकर सदैव लीन रहनेवाले बामदेव ऐसे रम गये कि लोग उनको 'खेपा' अर्थात् पागल कहकर पुकारने लगे। आज उनकी प्रसिद्धि बामा खेपा के नाम से है।

बामा खेपा का जन्म तारापीठ से 8 कि.मी. की दूरी पर आटला नामक ग्राम में हुआ था। कहते हैं उन्हें माँ का दर्शन प्राप्त हुआ था। तारापीठ में माँ तारा के मंदिर परिसर में ही बामदेव का भी मंदिर है। ऐसा विरले होता है कि एक ही स्थान पर भक्त के साथ उनके भगवान की भी पूजा होती हो। बामाखेपा एक सिद्ध तांत्रिक थे तथा मंदिर के बगल में स्थित श्मशान रहकर साधना करते थे। बामा खेपा माँ तारा की आराधना किसी देवी की तरह नहीं, वरन् अपनी माँ के रूप में करते थे तथा उनके साथ पुत्र की तरह उन्मुक्त व्यहवार करते थे जिसके कारण मंदिर के पुजारी उन्हें बीच-बीच में प्रताड़ित करते रहते थे। इस संबंध में अपनी पुस्तक में डेविड आर.किंसले एक घटना का जिक्र करते हुए कहते हैं कि एक बार बामा ने तारा माँ को भोग लगाने के पहले ही उसके फल को उठाकर खा लिया जिससे क्रोधित होकर पुजारियों ने उन्हें मंदिर से निकाल बाहर कर दिया। माँ के वियोग में बामा बगल के श्मशान में एक एक पेड़ के नीचे माँ-माँ की रट लगाते हुए विलाप करने लगे। कहते हैं अपने पुत्र की इस दशा से मां तारा ने विह्वल होकर नाटोर स्टेट की रानी, जिनके राज में तारापीठ पड़ता था, को स्वप्न दिया है कि मेरा पुत्र श्मशान में भूखा पड़ा है, तो मैं तुम्हारा भोग कैसे स्वीकार कर सकती हूं, पहले उसको भोजन दो। उन दिनों नाटोर स्टेट की रानी की तरफ से माँ तारा को प्रतिदिन भोग चढ़ाने की परंपरा थी। देवी के आदेश का रानी ने तत्काल पालन किया और माँ को भोग लगाने के पहले श्मशान में माँ की रट लगाते बेसुध बामा खेपा को भोजन कराया। तब से देवी को भोग लगाने के पूर्व बामा को भोजन देने की परिपाटी चल पड़ी।

# रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्पलायमेंट कॉन्क्लेव में हुआ 56 करोड़ ऋण वितरण

## छोटे उद्यमी और स्वसहायता समूह जिम्मेदारी से लोन चुकाते हैं : सांसद

## ऋण राशि का सही उपयोग कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें : सांसद



**रीवा,कासं.।** रीवा में कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एवं इम्प्लायमेंट कॉन्क्लेव का आयोजन किया गया। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के रतलाम में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह से उद्बोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने रीवा के दो सफल उद्यमियों फोर्टिफाइड चावल बनाने वाले दिनेश गुप्ता तथा सीमेंट बैग एवं टेक्सटाइल यूनिट चलाने वाले जयराम खन्ना से संवाद किया। मुख्यमंत्री ने दोनों उद्यमियों के प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर, पीथमपुर, अलीराजपुर के भी सफल उद्यमियों से संवाद किया। एमएसएमई विभाग तथा उद्योग विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में शासन की विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को 56 करोड़ रुपए की ऋण और अनुदान राशि का वितरण किया गया। इस अवसर पर सांसद श्री जनार्दन मिश्र ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए स्वरोजगारियों को प्रोत्साहित किया है। जिले में लघु एवं मध्यम उद्योगों को चलाने वाले तथा स्वसहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं। स्वनिधि योजना के हितग्राही, स्वसहायता समूह की महिलाएं तथा छोटे उद्यमी जिम्मेदारी से अपना लोन चुकाते हैं।

शासन की योजनाओं का लाभ लेकर ऋण राशि का सही उपयोग करें। अपने उद्यम का जिम्मेदारी से संचालन करते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें। अपने साथ-साथ अन्य लोगों को भी रोजगार का अवसर दें। प्रशासन और बैंक आपकी पूरी मदद कर रहे हैं। पूरे देश में लघु और मध्यम उद्योगों की भागीदारी 33 प्रतिशत से अधिक है। समारोह में विधायक मनगवां श्री नरेन्द्र प्रजापति ने कहा कि रीवा में लघु उद्यमी तथा महिला स्वसहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं

। उनकी सफलता की कहानियाँ सबके लिए प्रेरक हैं। प्रदेश के विकास और रीवा की उन्नति में महिलाएं सराहनीय योगदान दे रही हैं। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार एमएसएमई तथा उद्योग विभाग की योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को आज एक मंच पर लेकर आने का अवसर मिला है। आप सब एक-दूसरे से संवाद करके सफलता के मंत्र साझा करें।

जिले में कई महिला स्वसहायता समूह बहुत अच्छा कार्य कर रही हैं। इनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता के साथ जागरूकता और आत्मविश्वास की भी सौगात मिली है। कार्यक्रम में महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र जेपी तिवारी ने कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि आज विभिन्न योजनाओं से हितग्राहियों को 56 करोड़ की ऋण राशि वितरित की जा रही है। जिले के औद्योगिक केन्द्र घूमा का मुख्यमंत्री जी ने वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया है। यहाँ औद्योगिक इकाईयों के लिए मूलभूत सुविधाओं का विकास तेजी से किया जा रहा है। यहाँ से कई इकाईयाँ स्थापित हो जाएंगी।

कॉन्क्लेव में महिला स्वसहायता समूहों तथा लघु उद्यमियों ने अपने सफलता के अनुभव बांटे। कार्यक्रम में सफल उद्यमी श्रीमती राखी सिंह, प्रशस्ति पाण्डेय, शिवकुमार सोनी, गुलशन साकेत, प्रहलाद सिंह, दिलीप तिवारी, राजीव सोनी, योगेन्द्र मिश्रा, श्वेता पाण्डेय, विजय द्विवेदी, सौरभ पटेल, कृष्णा तिवारी, सीता यादव, रेशमा बानो, रूपा विश्वकर्मा, गीता त्रिपाठी, तारावती चौधरी तथा अन्य उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, जिला पंचायत सदस्य तथा उद्योग एवं सहकारिता समिति की अध्यक्ष डॉ संगीता सोनल शर्मा, जिला पंचायत सदस्य श्री देवेन्द्र शुक्ला, क्षेत्रीय संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी, एलडीएम जगमोहन, स्वरोजगार योजनाओं से जुड़े अधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्वरोजगारी एवं उद्यमी उपस्थित रहे।

## मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने पाँच ग्राम पंचायत सचिवों को किया निलंबित

**रीवा,कासं.।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मेहताब सिंह गुर्जर ने पाँच लापरवाह ग्राम पंचायत सचिवों को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत खेत तालाब एवं डगवेल रिचार्ज निर्माण, मनरेगा योजना में श्रमिकों के नियोजन तथा आवास योजना के हितग्राहियों की ई केवाईसी में लापरवाही बरतने पर यह कार्यवाही की गई है। कार्यवाही मध्यप्रदेश पंचायत सेवा अनुशासन एवं अपील नियम 1999 के प्रावधानों के तहत की गई है। सभी निलंबित ग्राम पंचायत सचिवों का निलंबन अवधि में मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय जवा रहेगा। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता दिया जाएगा। जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार श्री दरबारीलाल वर्मा सचिव ग्राम पंचायत लोहगढ़, श्री गोविंद प्रसाद गुप्ता सचिव ग्राम पंचायत रमगढ़वा, श्री हीरामणि कोल सचिव ग्राम पंचायत देवरी, श्री भागवत प्रसाद त्रिपाठी सचिव ग्राम पंचायत बाबा की बरौली तथा श्री संतोष कुमार वर्मा सचिव ग्राम पंचायत पथरौड़ा को निलंबित करने के आदेश दिए गए हैं।

# निवेश की सुरक्षा पर सरकार की गांरटी

## डाक विभाग जीवन बीमा के क्षेत्र में भी नित नए आयाम कर रहा है स्थापित

**रीवा,कासं.।** डाक विभाग जीवन बीमा के क्षेत्र में भी एक लम्बे समय से कार्यरत है। एक फरवरी 1884 को आरम्भ डाक जीवन बीमा भारत में सरकारी व अर्द्ध सरकारी कर्मचारियों के लिए सबसे पुरानी बीमा योजना है। जिसका लाभ अब निजी क्षेत्र के प्रोफेशनल्स भी उठा सकते हैं। रीवा डाक संभाग के अधीक्षक आर.के. तिवारी बताया कि बीमा के क्षेत्र में भी डाक विभाग नित नये आयाम स्थापित कर रहा है। डाकघरों में लोगों की आयु और आवश्यकता के आधार पर जीवन बीमा की योजनायें संचालित हैं। जिनमें सुरक्षा, संतोष, सुविधा, युगल सुरक्षा, सुमंगल व चिल्ड्रेन पालिसी शामिल हैं। बीमा आज के दौर की एक अनिवार्य आवश्यकता है एवं डाक विभाग अपने विस्तृत नेटवर्क के माध्यम से सुदूर क्षेत्र में रह रहे लोगों को भी बीमित करने के लिए संकल्पित है। डाक विभाग ने नवीन टेक्नालॉजी अपनाते हुए कोर इंश्योरेंस सर्विस के तहत मैककेमिश सॉफ्टवेयर के माध्यम से बीमा सेवाओं को भी ऑनलाइन बनाया है। डाक जीवन बीमा योजना का दायरा भी बढ़ा दिया गया है। पहले मात्र सरकारी व अर्द्धसरकारी कर्मचारियों तक सीमित डाक जीवन बीमा अब निजी शिक्षण संस्थाओं, विद्यालयों, महाविद्यालयों आदि के कर्मचारियों, डॉक्टरों, इंजीनियरों, प्रबंधन सलाहकारों, चार्टेड एकाउंटेंट, वास्तुकारों, वकीलों, बैंकर जैसे पेशेवरों के लिए भी उपलब्ध है। अधीक्षक ने जीवन बीमा के लाभ के बारे में बताया कि निवेश की सुरक्षा पर सरकार की गांरटी, धारा 80 के तहत आयकर में छूट, कम प्रीमियम व अधिक बोनस, पालिसी पर लोन की सुविधा, ऑनलाइन प्रीमियम जमा करने की सुविधा, देश के किसी भी डाकघर में प्रीमियम जमा करने की सुविधा और अग्रिम प्रीमियम पर छूट दी जाती है।

# अरहर, मूंग और उड़द में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह

**रीवा,कासं.।** उप संचालक कृषि यूपी बागरी ने किसानों को अरहर, उड़द और मूंग की फसलों में खाद के संतुलित उपयोग की सलाह दी है। उप संचालक ने कहा है कि सभी किसान अपने खेत की माटी की जाँच करा लें। इससे प्राप्त मृदा स्वास्थ्य कार्ड में खेत की माटी में पाए जाने वाले पोषक तत्वों और कमी की जानकारी दर्ज रहती है। साथ ही उसमें फसल के अनुसार खाद के संतुलित उपयोग की भी मात्रा लिखी रहती है। उसी के अनुसार खाद का उपयोग करें। अधिक मात्रा में खाद का उपयोग किसान के लिए आर्थिक बोझ होने के साथ-साथ फसल और मिट्टी के लिए भी हानिकारक होता है।

उप संचालक ने बताया कि अरहर की फसल के लिए प्रति हेक्टेयर 22 किलो यूरिया और दो बैग 9 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में एक बैग 20 किलो यूरिया और 6 बैग 13 किलो सिंगल सुपर फास्फेट अथवा 25 किलो यूरिया और 3 बैग 5 किलो 12-32-16 खाद का उपयोग कर सकते हैं। इसके अन्य विकल्प के रूप में 30 किलो यूरिया, 4 बैग 13 किलो सिंगल सुपर फास्फेट और दो बैग 16-16-16 खाद का उपयोग भी किया जा सकता है। उप संचालक ने बताया कि मूंग और उड़द के लिए एक बैग 10 किलो डीएपी का उपयोग करें। इसके विकल्प के रूप में 43 किलो यूरिया एवं 6 बैग 13 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग किया जा सकता है। इसके तीसरे विकल्प के रूप में तीन बैग 6 किलो 12-32-16 खाद अथवा तीन बैग 20-20-0-13 तथा 2 बैग 25 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग करें। इसके एक अन्य विकल्प के रूप में दो बैग 16-16-16 एवं 4 बैग 15 किलो सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग कर सकते हैं। फसलों में खाद के संतुलित उपयोग से ही अच्छी फसल प्राप्त होगी।

क्रमांक-259-2051-उमेश तिवारी

# हिनौती गौधाम में गौवंश पशु शेड का भूमि पूजन आज

**रीवा,कासं.।** जनपद पंचायत गंगेव अन्तर्गत हिनौती गौधाम में 25 हजार गौवंश के संरक्षण संवर्धन के लिये 28 जून को शाम चार बजे हिनौती गौधाम में 4 गौवंश पशु शेड का भूमि पूजन जिला स्तरीय गौ सम्मेलन एवं वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल होंगे। इस अवसर पर प्रमुख वक्ता कथा व्यास पीठ जगतगुरू संत स्वामी राघवाचार्य महराज अयोध्या होगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता संसद सदस्य श्री जर्नादन मिश्र करेगें। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि विधायक मनगवां इन्जीनियर नरेन्द्र प्रजापति, श्रीमती नीता कोल जिला पंचायत अध्यक्ष, क्षेत्रीय कृषक एवं विधायक मऊगंज श्री प्रदीप पटेल, विकास तिवारी अध्यक्ष जनपद पंचायत गंगेव, श्रीमती नन्दनी हर्षवर्धन तिवारी अध्यक्ष जिला गौपालन समिति होगीं। जिला गौसंवर्धन बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष राजेश पाण्डेय ने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की दृढ़ इच्छा शक्ति से पूरे विंध्य एवं रीवा जिले में गौवंश संरक्षण संवर्धन के साथ किसानों के फसल की सुरक्षा एवं आम नागरिक को सड़को के दुर्घटना से बचाने का महा अभियान चलाया जा रहा है।

# विंध्य क्षेत्र में हवाई सेवाओं के विस्तार के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल और एलायंस एयर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक

**रीवा,कासं.।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल से दिल्ली में एलायंस एयर के चेयरमैन श्री अमित कुमार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजर्षी सेन ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विंध्य क्षेत्र सहित मध्यप्रदेश में हवाई सेवाओं के विस्तार एवं संचालन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई।। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने रीवा, सतना और विंध्य क्षेत्र के महत्वपूर्ण नगरों में एयर कनेक्टिविटी को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में हवाई सेवाएं आमजन के लिए सुलभ और सस्ती बनाई जा रही हैं, और मध्यप्रदेश सरकार इस दिशा में हरसंभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने एलायंस एयर को रीवा एवं विंध्य क्षेत्र की आर्थिक, औद्योगिक और सांस्कृतिक विशेषताओं की जानकारी दी और कहा कि यहां एयर कनेक्टिविटी बढ़ने से पर्यटन, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं निवेश के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति होगी।

## जिले में अब तक 115.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा,कासं.।** जिले में 27 जून को 4.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 115.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 132.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 87.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 169 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 45 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 97 मिलीमीटर तथा जवा में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 33 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी।

**खेल/व्यापार**

## संक्षिप्त समाचार

### देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए गिफ्ट आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने की जरूरत - वित्त मंत्री

**नई दिल्ली ,ए.।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जोर देकर कहा है कि गिफ्ट स्थित अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (आईएफएससी) को भारत में वैश्विक पूंजी प्रवाह के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में विकसित किया जाना चाहिए, ताकि अगले दो दशकों में उच्च विकास वाले क्षेत्रों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। उन्होंने गिफ्ट सिटी को इंटीग्रेटेड, मॉडर्न और सस्टेनेबल लिविंग इंफ्रास्ट्रक्चर से सुसज्जित एक गतिशील स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों से शीर्ष स्तर की प्रतिभाओं को आकर्षित करने के लिए ऐसी विश्वस्तरीय सुविधाएं स्थापित करना आवश्यक है। गांधीनगर में गिफ्ट सिटी में आईएफएससी के अपने दौरे के दौरान, वित्त मंत्री ने प्रगति की समीक्षा की और प्रमुख बाजार प्रतिभागियों के साथ बातचीत की। केंद्रीय वित्त मंत्री ने अधिकारियों से देश में एचएनआई निवेश को आकर्षित करने के लिए जीआईएफटी आईएफएससी को अधिक प्रतिस्पर्धी और लागत प्रभावी बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया और देश की वित्तीय जरूरतों के लिए आईएफएससी में सॉवरेन और पेंशन फंड जुटाने में आईएफएससीए की भूमिका की क्षमता को रेखांकित किया। भारत की वैश्विक वित्तीय स्थिति को बढ़ाने में गिफ्ट आईएफएससी की भूमिका की सराहना करते हुए उन्होंने अगले कुछ वर्षों में ही सुधारों को तेज करने पर जोर दिया, ताकि 2047 तक 'विकसित भारत' के विजन के साथ विकास को आगे बढ़ाया जा सके। केंद्रीय वित्त मंत्री ने हितधारकों की भागीदारी का विस्तार कर और मूल्य निर्धारण को मजबूत कर इंडिया इंटरनेशनल बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) में कार्यान्वयन को बेहतर करने की जरूरतों पर जोर दिया, जिससे गिफ्ट आईएफएससी को एक ग्लोबल बुलियन हब के तौर पर स्थापित किया जा सके। उन्होंने बैंकिंग, बीमा, पूंजी बाजार, फंड उद्योग, वित्त कंपनियों, भुगतान सेवा प्रदाताओं, एयरक्राफ्ट और शिप लीजिंग फर्मों, फिनटेक फर्मों, आईटीएफएस प्लेटफॉर्म प्रदाताओं और विदेशी विश्वविद्यालयों के एमडी और सीईओ, अध्यक्षों, संस्थापकों और सीएफओ के साथ भी बातचीत की। इसके अलावा, गिफ्ट सिटी कंपनी लिमिटेड और आईएफएससीए ने गिफ्ट आईएफएससी को एक लीडिंग ग्लोबल फाइनेंशियल सेंटर के तौर पर स्थापित करने के उद्देश्य से प्रमुख नीति, विनियामक और कर सुधारों पर अपनी प्रस्तुति दी।

### क्यूसीओ ने एमएसएमई को उनके उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाकर पहुंचाया लाभ : पीयूष गोयल

**नई दिल्ली ,ए।** केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि क्वालिटी कंट्रोल ऑर्डर्स (क्यूसीओ) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को उनके उत्पादों की गुणवत्ता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ाकर लाभ पहुंचाया है।क्यूसीओ घटिया उत्पादों के आयात को प्रतिबंधित करने और उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ भारतीय उद्योग की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा कि उन्होंने क्यूसीओ के कार्यान्वयन पर चर्चा करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र के साथ एक हितधारक परामर्श बैठक की। केंद्रीय वाणिज्य मंत्री ने कहा, स्टैंडर्ड सेटिंग प्रॉसेस को अधिक सहयोगात्मक, समावेशी और अनुपालन में आसान बनाने पर उनकी प्रतिक्रिया की सराहना की। एमएसएमई ने स्वीकार किया कि क्यूसीओ ने उत्पाद की गुणवत्ता और उपभोक्ता संतोष को बढ़ाकर उनके क्षेत्र को लाभ पहुंचाया है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'जीरो डिफेक्ट, जीरो इफेक्ट' के दृष्टिकोण के अनुरूप, एमएसएमई ने घरेलू क्षमताओं को बढ़ावा देने और देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने के लिए 'क्वालिटी माइंडसेट' के महत्व को भी दोहराया।

# ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज टेस्ट में विवाद, अंपायरिंग से नाराज कोच डैरेन सैमी पहुंचे रेफरी के पास

**नईदिल्ली,ए.।** वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे पहले टेस्ट में अंपायरिंग को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। कोच डैरेन सैमी ने अंपायर एड्रियन होल्डस्टॉक के फैसलों पर नाराजगी जताते हुए मैच रेफरी जवागल श्रीनाथ से मुलाकात की है। मुलाकात ब्रिजटाउन टेस्ट के दूसरे दिन 2 अहम फैसलों के खिलाफ वेस्टइंडीज के असंतोष के बाद हुई। इन फैसलों का मैच पर बड़ा असर पड़ा। ऑस्ट्रेलिया मैच में 82 रन की बढ़त बना चुका है।

दूसरे दिन अंपायरिंग को लेकर 2 बड़े विवाद सामने आए। पहला मामला कप्तान रोस्टन चेज के आउट होने का था। पैट कमिंस की गेंद उनके पैड्स पर लगी और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट दिया। चेज ने डीआरएस लिया, लेकिन अल्ट्रा-एज में बेहद हल्के और पास-पास स्पाइक्स दिखे, जिससे अंदरूनी किनारे को लेकर संदेह बना रहा। दूसरा विवाद शाई होप के आउट होने को लेकर था, जो अपने अर्धशतक से सिर्फ 2 रन दूर थे।

विवाद होप के कैच को लेकर हुआ, जो ब्यू वेबस्टर की गेंद पर विकेटकीपर एलेक्स कैरी को कैच थमा बैठे। हालांकि रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद कैरी के दस्तानों में जाने से पहले जमीन को छू रही थी। मामला थर्ड अंपायर के पास गया, लेकिन ऑन-फील्ड अंपायर का फैसला बरकरार रहा। दूसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद सैमी ने अंपायर होल्डस्टॉक की अंपायरिंग पर सवाल उठाए



और मैच अधिकारियों से ज्यादा पारदर्शिता व स्थिरता की मांग की।

सैमी ने अंपायरिंग को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की। उन्होंने कहा, हम बस ये समझने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर फैसला लेने की प्रक्रिया क्या है? हम सिर्फ चाहते हैं कि फैसलों में स्थिरता हो, बस यही हमारी मांग है। मैंने खासतौर पर इस अंपायर के साथ यह मुद्दा पहले भी इंग्लैंड दौरे पर महसूस किया था। ये काफी निराशाजनक है। मैं सिर्फ फैसलों में निरंतरता चाहता हूं। जब सैमी से पूछा गया कि क्या वेस्टइंडीज क्रिकेट बोर्ड अंपायर होल्डस्टॉक के खिलाफ आधिकारिक शिकायत दर्ज कराने पर विचार कर रहा है, तो उन्होंने कहा, आपको इंतजार करना होगा और देखना होगा। देखिए, कोई नहीं चाहता कि उसे अंपायरों को लेकर शंका हो, लेकिन जब एक के बाद एक फैसले एकतरफा लगें तो सवाल उठते ही हैं। हालांकि, उन्होंने साफ किया कि उनका मकसद किसी को निशाना बनाना नहीं, बल्कि प्रक्रिया को लेकर स्पष्टता पाना है। पहले दिन ही मुकाबले ने रोमांचक मोड़ ले लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 180 रन पर सिमट गई। वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज शमार जोसेफ और जेडन सील्स ने मिलकर 9 विकेट चटकाए।

जवाब में वेस्टइंडीज ने भी पहले दिन ही अपने 4 विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद पूरी टीम 190 रन बनाकर 10 रन की बढ़त लेने में कामयाब रही। दूसरे दिन के अंत तक ऑस्ट्रेलिया 92/4 पर थी और उसकी बढ़त 82 रन की थी।

## आईसीसी ने बदले 5 नियम, शॉर्ट रन बढ़ाएगा सिरदर्द, कैच भी बनेगा चिंता का सबब

**नई दिल्ली,ए.।** आईसीसी क्रिकेट को और बेहतर बनाने के लिए लगातार क्रिकेट के नियमों में बदलाव कर रहा है. नए नियमों के मुताबिक क्रिकेट को बल्लेबाज, गेंदबाज और फील्डर्स के लिए ज्यादा से ज्यादा आसान बनाने की कोशिश की जा रही है. अब एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद नियम परिवर्तन करने के लिए तैयार है. इनमें से कुछ नियम 17 जून से लागू हो गए हैं. टेस्ट के लिए स्टॉप क्लॉक और नए निर्णय समीक्षा प्रणाली (डीआरएस) तो 2025-27 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र के साथ अमल में आ गया है लेकिन व्हाइट-बॉल क्रिकेट में लागू होने वाले नियम 2 जुलाई से लागू होने वाले हैं. ईएसपीएन क्रिकइन्फो की रिपोर्ट के मुताबिक 5 नियमों में बदलाव हुआ है. आइए उनके बारे में जानते हैं. यह नियम पहले से ही वनडे और टी20 क्रिकेट में लागू है. अब ये टेस्ट क्रिकेट में भी लागू कर दिया गया है. नए नियम के अनुसार फील्डिंग टीम को पिछले ओवर के समाप्त होने के एक मिनट के भीतर अगला ओवर शुरू करना होगा. ऐसा न करने पर अंपायर द्वारा दो चेतावनी दी जाएगीं, जिसके बाद फील्डिंग टीम पर पांच रन का जुर्माना लगाया जाएगा. हर 80 ओवर के बाद चेतावनियां रीसेट की जाएगी. टाइमर 0 से 60 तक चलता है. ये नियम 17 जून से लागू हो चुका है. अब डीआरएस के नियम बदले नजर आएंगे. यदि कोई बल्लेबाज विकेट के पीछे कैच आउट हो जाता है लेकिन रीप्ले में बल्ले से कोई संपर्क नहीं दिखता है, तो टीवी अंपायर संभावित एलबीडब्ल्यू की समीक्षा कर सकता है यदि गेंद पैड से टकराती है. हालांकि अब एलबीडब्ल्यू समीक्षा के दौरान अंपायर का मूल निर्णय मान्य रहेगा. यदि बॉल-ट्रैकिंग अंपायर की कॉल बरकरार रखती है, तो बल्लेबाज आउट रहेगा. इस नए नियम के मुताबिक अगर कोई बल्लेबाज जानबूझकर शॉर्ट रन लेता है तो अंपायर दंड के रूप में बल्लेबाजी टीम पर 5 रनों की पेनल्टी लगा देगा. जिससे टीम के स्कोर से 5 रन घटा दिए जाएंगे. इसके साथ ही फील्डिंग टीम से अंपायर पूछेगा कि किस बल्लेबाज को स्ट्राइक पर रहना चाहिए. नो-बॉल पर भी कैच की निष्पक्षता की जांच की जाएगी. बल्लेबाज कैच आउट हो गया और अंपायर कैच को लेकर पूरी तरह से क्लियर नहीं है तो थर्ड अंपायर पहले नो बॉल की जांच करेगा।

# आंद्रे रसेल ने रचा इतिहास, टी20 क्रिकेट में बड़ी उपलब्धि की हासिल

**नई दिल्ली,ए.।** वेस्टइंडीज के स्टार ऑलराउंडर आंद्रे रसेल ने मेजर लीग क्रिकेट 2025 के दौरान टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है. शुक्रवार, 27 जून को अमेरिका के डलास में वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की.

टूर्नामेंट में पिछले कुछ मैच मैचों में खराब प्रदर्शन के बाद विस्फोटक बल्लेबाज रसेल ने वाशिंगटन फ्रीडम के खिलाफ मुकाबले में आखिरकार अपनी ताकत दिखाई. रसेल ने इस दौरान 13 गेंदों पर 30 रनों की धुआंधार पारी खेली. आंद्रे फ्लेचर के शतक के बाद अपनी तूफानी पारी की मदद



से रसेल ने नाइट राइडर्स को पहली पारी में (213/4) के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया.

इस पारी के दौरान ही वेस्टइंडीज के बल्लेबाज रसेल ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया. रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं. मैच से पहले उन्हें इस मुकाम तक पहुंचने के लिए केवल 2 छक्कों की जरूरत थी और उन्होंने अपनी 30 रनों की ताबड़तोड़ पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की, जिसमें उन्होंने कुल 3 छक्के जड़े.

रसेल अब टी20 क्रिकेट में 750 छक्के लगाने वाले दुनिया के केवल तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं. इस लिस्ट में शीर्ष पर उनके हमवतन क्रिस गेल है, जिनके नाम सर्वाधिक 1056 छक्के दर्ज है. वहीं, वेस्टइंडीज के एक अन्य बल्लेबाज कीरोन पोलार्ड 916 छक्कों के साथ टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में दूसरे नंबर पर हैं. इस मुकाबले में रसेल की यह तूफानी पारी बेकार गई क्योंकि ग्लेन मैक्सवेल की अगुआई वाली फ्रीडम ने आखिरी गेंद पर 214 रन के विशाल लक्ष्य को हासिल कर लिया. नाइट राइडर्स की ओर से 20वां ओवर रसेल ने फेंका और 5वीं गेंद तक स्कोर बराबर हो गया. फिर, आखिरी गेंद पर जेसन होल्डर ने मिड-ऑन पर ग्लेन फिलिप्स का कैच टपका दिया और फ्रीडम ने 5 विकेट से शानदार जीत दर्ज की.

फिलिप्स ने 23 गेंदों पर नाबाद 33 रन बनाए और ओबस पीनार ने 16 गेंदों पर 23 रनों की पारी खेली, जिससे वे जीत गए और नॉकआउट चरण के करीब पहुंच गए. फ्रीडम ने अब तक 6 मैचों में 5 मैचों में जीत दर्ज की हैं, जबकि लॉस एंजिल्स नाइट राइडर्स को अब तक अपने 6 मुकाबलों में से 5 में हार का सामना करना पड़ा है।

# ललितपुर अभिनव शिक्षा अभियान से पढ़ाई छोड़ चुके बच्चों को विद्यालयों में मिलेगा प्रवेश

**आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों को दिलायेंगे सरकारी योजनाओं का लाभ, ताकि बच्चों का करा सके नामांकन : डीएम**

## नोडल अधिकारियों को मिशन मोड पर प्रवेश दिलाने के निर्देश



**ललितपुर।** शैक्षिक रुप से पिछड़े जिलों में शुमार ललितपुर में अब शिक्षा के क्षेत्र में एक नई आशा का संचार हो रहा है। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के नेतृत्व में जिले में विगत शिक्षा सत्र 2024-25 में कक्षा 8 पास प्रत्येक विद्यार्थी का कक्षा 9 में प्रवेश सुनिश्चित कराने एवं बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा घर-घर कराये जा रहे सर्वे के अनुसार विगत तीन वर्षों में किसी भी कक्षा को उत्तीर्ण करने के बाद और किसी भी कारण से पढ़ाई छोडने़ वाली 12 से 18 वर्ष की बालिकाओं का संगत कक्षा में प्रवेश सुनिश्चित कराने के लिए जिलाधिकारी द्वारा चलाये जा रहे ललितपुर अभिनव शिक्षा अभियान की समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में सभी ब्लॉकों के लिए नोडल बनाये गए जिला स्तरीय अधिकारियों व उनके सह नोडल बनाये गए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी ने विस्तृत समीक्षा बैठक की। डीएम ने नोडल अधिकारियों से अपने-अपने नामित ब्लॉकों के गांवो का भ्रमण कर कक्षा 8 पास विद्यार्थियों के 9वी कक्षा में प्रवेश तथा 12 से 18 वर्ष की वह बालिकाएं जो किन्हीं कारणों से विगत तीन वर्षों से ड्रॉपआउट हैं, की स्थिति को जाना, जिस पर नोडल अधिकारियों द्वारा अपने भ्रमण में अब तक प्रवेश नहीं लेने वाले बच्चों एवं उनके अभिभावकों से वार्ता कर प्रवेश नहीं लेने के कारणों को बताया गया, जिसमें अधिकतर विद्यार्थियों के प्रवेश न लेने का कारण आर्थिक स्थिति ठीक न होना, घर से विद्यालयों की दूरी अधिक होने के कारण जाने के साधनों का अभाव, शिक्षा के प्रति रुचि न होना एवं बाल विवाह जैसी समस्या सामने आयी हैं।

इस पर डीएम ने गहन चिन्तन करते हुए जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि वह आर्थिक रुप से कमजोर अभिभावकों व बालिकाओं को कन्या सुमंगला योजना सहित सरकार की आर्थिक रुप से समृद्ध करने वाली विभिन्न योजनाओं से आच्छादित किया जाए, इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो बालिकाएं घर से दूरी होने के कारण विद्यालयों में प्रवेश लेने से हिचक रही हैं, उन्हें दूसरे स्रोतों से साईकिल भी उपलब्ध करायी जाए। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि वह यूनीसेफ के लोगों से सम्पर्क कर प्रेरणादायी डॉक्यूमेंट्री मूवी, छोटे-छोटे वीडियो क्लिपिंग, सक्सेज स्टोरीज आदि के वीडियो पंचायत सचिवालयों में डिस्प्ले के माध्यम से विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं ग्रामीणों को दिखायें, जिससे उनमें शिक्षा के प्रति जागरुकता आये और स्वयं प्रेरणा से विद्यालयों में प्रवेश के लिए उत्साहित हो सकें। डीएम ने अभियान में लगाये गए सभी अधिकारियों को बताया कि यदि गांव में बालिकाओं का बाल विवाह हो गया है, तो उनके साथ सकारात्मक व्यवहार करते हुए सरकार की योजनाओं से मिलने वाले लाभों की जानकारी देकर उन्हें विद्यालयों में प्रवेश लेने के लिए प्रेरित करें और ऐसी बालिकाओं की पृथक से सूची तैयार करें।

यदि गांव में 18 वर्ष से कम आयु के दिव्यांग छात्र-छात्राएं हैं तो उन्हें मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी देकर उनके आवेदन पत्र भरवाकर योजना का लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि ऐसे बच्चों को सूचीबद्ध कर लिया जाए, जिनके अभिभावकों व माता-पिता के आय प्रमाण पत्र अभी तक नहीं बने हैं उनकी सूची तैयार कर जिले पर उपलब्ध करायी जाए, ताकि शीघ्रता से उनके प्रमाण पत्र बनवाये जा सकें।

बैठक में डीडीओ अतिरंजन सिंह, डीपीआरओ ओपी सिंह, डीएसओ उमेश मिश्रा, डीआईओ, प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी व स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दंगा, बलवा से निपटने के लिए कराया अभ्यास

**साप्ताहिक परेड के दौरान एसपी ने देखी बारीकियां**

**शहर क्षेत्र में फ्लैग मार्च कर एसपी ने दिया सुरक्षा का भरोसा**



**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने शुक्रवार को साप्ताहिक परेड के दौरान सलामी ग्रहण की। एसपी ने इसके उपरांत परेड का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। साथ ही बलवा ड्रिल के अभ्यास के दौरान भीड़ को तितर-बितर करने हेतु बलवा ड्रिल के अंतर्गत कार्यवाही करायी गयी। पुलिसकर्मियों को दंगा-नियंत्रण उपकरण अश्रु गैस के गोले, टीयर स्मोक सेल, हैंड ग्रेनेड, डाई मार्कर, रबर बुलेट गन, एंटी राइट गन व टीयर गैस गन आदि शस्त्रों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं बलवा ड्रिल का डिमॉस्ट्रेशन कराया गया तथा प्रयोग के समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी अवगत कराया गया। दंगा नियंत्रण से संबंधित तकनीकी व वैधानिक जानकारी दी गई तथा दंगा नियंत्रण के आधुनिक तरीकों, आवश्यक उपकरणों (जैसे बॉडी प्रोटेक्टर, हेलमेट, दंगा ढाल, गैस मास्क आदि) के उपयोग व इनके संयमित प्रयोग की विधियों के बारे में तथा किसी भी आकस्मिक परिस्थिति, दंगा, बलवा आदि से निपटने व नियंत्रण हेतु बलवा ड्रिल का अभ्यास दिखाकर विस्तृत जानकारी दी। इसी क्रम में किसी अवैधानिक भीड़ को नियंत्रित करने तथा असामाजिक तत्वों से निपटने में अनुपालन की जाने वाली व्यवहारिक (तरीकों, फॉर्मेशन, सुरक्षा घेरा बनाने, चेतावनी आदि) व विधिक प्रक्रियाओं के विषय में जानकारी देते हुये नियमानुसार आवश्यक बल (मानवाधिकारों को दृष्टिगत रखते हुये) प्रयोग करने के सम्बन्ध में भी जानकारी दी। तदोपरान्त एसपी ने सभी राजपत्रित अधिकारी, समस्त थाना प्रभारी, पुलिस बल/रिक्रूट आरक्षियों के साथ आगामी त्यौहारों व जनपद में शांति एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन्स से सदनशाह चौराहा, अजीतपुरा, महावीरपुरा, इमाम चौक, आजाद चौक, सावरकर चौक, घंटाघर से तुवन चौराहा होते हुये रिजर्व पुलिस लाइन्स समेत शहर के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों एवं संवेदनशील इलाकों में फ्लैग-मार्च किया। एसपी ने रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित क्वार्टर गार्द, स्टोर, आर्मरी आदि का निरीक्षण कर, शस्त्रों की साफ-सफाई, उचित व्यवस्थापन, सम्बंधित अभिलेखों को अपडेटेड रखने व उनका उचित रख-रखाव हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। प्रशिक्षण केन्द्र परिसर में स्थित परेड/पीटी ग्राउण्ड, क्वार्टर-गार्द, जी.डी. कार्यालय, कंट्रोल रुम, डायल-112 कार्यालय, एम.टी. कार्यालय आदि का भौतिक रुप से भ्रमण करवाकर उक्त कार्यालयों में होने वाले कार्य-सरकार के विषय में जानकारी करवाने हेतु सम्बन्धित पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया।

आदेश कक्ष में अर्दली रुम के दौरान पुलिस कर्मियों द्वारा प्रेषित किये गये प्रशिक्षण रजिस्टर (जे.टी.सी.), रिजर्व पुलिस लाइन्स की विभिन्न मदों के रजिस्टरों का सूक्ष्मता से अवलोकन कर सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। परेड में शामिल पुलिस कर्मियों से उनकी समस्याओं को सुनकर, सम्बन्धित को अविलम्ब निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार, क्षेत्राधिकारी लाइन्स सुनील भारद्वाज, क्षेत्राधिकारी तालबेहट रक्षपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी महरौनी आशीष मिश्रा व प्रतिसार निरीक्षक जगदीश चन्द्र व अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त समाचार

## बाबा अमरनाथ में भण्डारे के लिए सहयोग राशि सौंपी

**ललितपुर।** श्रीशिव सेवक पोषकपत्री के 29 वें भण्डारें में ललितपुर के भक्तों ने 5.89.565 की टोटल राशि धर्मेंद्र हरिमोहन बांके बिहारी चौरसिया सौंपी है। जय बाबा अमरनाथ बर्फानी में 3 जुलाई से रक्षा बंधन के दिन तक यह भंडारा चलता है। मात्र 38 दिन तक भंडारे के संचालक कैलाश बोबल ने फोन बताया है कि दुनिया का सबसे बड़ा भंडारा इस भंडारी में हर तरह की यात्रियों के लिए सुविधाएं दी जाती हैं। यह सब हरिदेव की कृपा है। ललितपुर से हरिमोहन चौरसिया जी काफी उत्साहित हैं और भाई अपनी टीम को लेकर प्रति वर्ष जाते है। अभी हाल ही में बह पिछले दिनों दिल्ली गए जहां उन्होंने नगद राशि अनिल बोबल को दी है। इस भंडारे में ललितपुर जिले से राजकुमार, विशांत साहू, संदीप शर्मा, अरविंद गोस्वामी, सुनील सोनी, गुडडन साहू, ललित साहू, लक्ष्मीनारायण, जवाहर सिंह, उपेंद्र ठाकुर, संग्राम बाबा देवेंद्र कुशवाहा, राजा भैया, शैलेंद्र गुप्ता, पीतांबरा ज्वेलर्स, भूपेंद्र, सुनील साहू, संजीव कुशवाहा, शुभम, ऋषभ कुमार शुक्ला, मुकेश राठौर, अभिषेक निरंजन, अजमेरी खान, भारत, सुनील, घनश्याम चौरसिया, प्रदीप साहू, गनेशराम चौरसिया, अंतिम त्यागी आदि भक्तों का सहयोग रहा।

## फांसी पर लटका मिला युवक का शव

**ललितपुर।** कोतवाली महरौनी अंतर्गत ग्राम सैदपुर में एक अधेड़ युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि सैदपुर के फार्म के पास रामपुर हार में युवक का शव लटका पाया गया। मृतक की शिनाख्त सैदपुर निवासी राजू पुत्र मंगल सिंह लोधी के रूप में की गयी है। प्रथम दृष्टया यह मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा है, लिहाजा पुलिस ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

## दहेज उत्पीडऩ और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज

**ललितपुर।** थाना कोतवाली में एक महिला ने अपने ससुराल वालों के खिलाफ दहेज उत्पीडऩ, मारपीट और पेट्रोल डालकर हत्या का प्रयास करने का गंभीर आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता चौकी बिरधा अंतर्गत रहने वाली रुचि तिवारी (बोहरे), पत्नी सत्यम बोहरे ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी शादी 22 नवंबर 2024 को हिंदू रीति-रिवाज से सत्यम बोहरे, निवासी कस्बा सुरखी, थाना सुरखी, जिला सागर (मध्य प्रदेश) के साथ रिसोर्ट मैरिज गार्डन, ललितपुर में संपन्न हुई थी। रुचि ने बताया कि उनके माता-पिता ने शादी में 15 लाख रुपये नकद, जेवरात, बर्तन, कपड़े, घरेलू सामान और एक टाटा टियागो कार सहित कुल 32 लाख रुपये खर्च किए। इसके बावजूद, उनके पति सत्यम बोहरे, सास रजनी बोहरे और ननद समीक्षा बोहरे दहेज से संतुष्ट नहीं थे। उन्होंने अतिरिक्त 16 लाख रुपये की कार और 10 लाख रुपये नकद की मांग की। मांग पूरी न होने पर प्रार्थिनी को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया, जिसमें मारपीट और यातनाएं शामिल थीं। रुचि ने पत्नीव्रत का पालन करते हुए सब सहन किया, लेकिन आरोपियों ने पेट्रोल डालकर उनकी हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने थाना कोतवाली ललितपुर में 26 जून 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई, जिसमें भारतीय न्याय संहिता की धारा 85, 115(2) और दहेज निषेध अधिनियम की धारा 3, 4 के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रार्थिनी के बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और मामले की गंभीरता को देखते हुए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

## नवांगतुक डीपीआरओ से की शिष्टाचार भेंट

**ललितपुर।** जिले में नवागन्तुक जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा कार्यभार ग्रहण करने के बाद ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ द्वारा जिला पंचायत राज कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर शिष्टाचार मुलाकात की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष विवेक सिंह, मंडल महामंत्री मंगल सिंह, जिला महामंत्री जेपी कुशवाहा, कोषाध्यक्ष बृजलाल प्रजापति, संगठन मंत्री अरविन्द कुमार, सम्प्रेक्षक ओमप्रकाश, बिरधा ब्लॉक से अध्यक्ष रामप्रसाद, नरेंद्र कुमार, दयाराम सेन, राकेश सहित अन्य कर्मचारी साथी उपस्थित रहे।

## ईओ ने वार्डो का निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं

**ललितपुर।** ईओ दिनेश कुमार व कर निर्धारण अधिकारी/अतिक्रमण प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद ने वार्ड नंबर 3 मोहल्ला नेहरू नगर एवं वार्ड नं 1 मुहल्ला सिद्दनपुरा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 1 मोहल्ला सिद्दनुपरा में मोहल्लेवासियों द्वारा अधिशासी अधिकारी को अवगत कराया गया कि जय मां सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पीछे मोहल्ले के ही निवासी एक व्यक्ति द्वारा बीच सड़क पर मिट्टी डालकर रास्ता अवरूद्ध कर दिया गया है, जिस पर ईओ ने टीम के साथ स्वयं मौके पर पहुंचे व स्थलीय निरीक्षण कर रास्ते में मिट्टी डालने वाले व्यक्ति से जमीन सम्बन्धी अभिलेख मांगे गये, जिस पर व्यक्ति अभिलेख नहीं दिखा सका। इस दौरान ईओ ने संबंधित से तत्काल रास्ते में पड़ी मिट्टी को हटाये जाने हेतु आदेशित किया गया व मोहल्लेवासियों को आश्वासन दिया गया कि रास्ता मिट्टी के हटते ही रास्ता खुलवा दिया गया।

# रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण का होगा आयोजन




**ललितपुर।** स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, शास्त्री भवन नई दिल्ली के समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2025-25 में जनपद के 38 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु स्वीकृति प्राप्त हुई है। राज्य परियोजना निदेशक उ.प्र.समग्र शिक्षा अभियान लखनऊ के द्वारा जनपद में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपदीय समिति का गठन डीएम की अध्यक्षता में किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के सफल क्रियान्वयन हेतु जनपद स्तरीय समिति की बैठक आहूत की गयी जिसमें सदस्य के रूप में सीओ सदर अजय कुमार, जीजीआईसी प्रधानाचार्या अंजना वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित हुये। बैठक में डीआईओएस ओम प्रकाश ने बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए सशक्त बनाने के उद्देश्य से, विद्यालयों में आयोजित एक कार्यक्रम है। इस प्रशिक्षण में जूडो, कराटे, ताइक्वांडो और मुक्केबाजी जैसे मार्शल आर्ट सिखाए जाते हैं। रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण योजना के तहत, सरकारी विद्यालयों में पढने़ वाली छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए जाते हैं। यह योजना छात्राओं को विपरीत परिस्थितियों में खुद को बचाने और सशक्त बनाने में मदद करती है। आत्मरक्षा प्रशिक्षण में जूडो, कराटे, ताइक्वांडो और मुक्केबाजी जैसे मार्शल आर्ट दुपट्टा, चेन, स्टॉल, मफलर, बैग, पेन, पेंसिल और नोटबुक जैसी रोजमर्रा की वस्तुओं का उपयोग करके आत्मरक्षा मानसिक और शारीरिक रूप से सशक्त बनाने के तरीके विभिन्न क्लबों का गठन, जैसे कि आत्मरक्षा दल आदि के बारे में जानकारी प्रदान की जायेगी। यह प्रशिक्षण 30 दिनों से लेकर 3 महीने तक चल सकता है प्रशिक्षण के लिए योग्य प्रशिक्षकों का चयन किया जाता है महिला प्रशिक्षकों को प्राथमिकता दी जाती है। प्रत्येक विद्यालय को प्रशिक्षण के लिए धनराशि प्रदान की जाती है।

बताया कि रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत प्रशिक्षकों की नियुक्ति किये जाने हेतु जिलाधिकारी /अध्यक्ष जनपदीय समिति की अनुमति के उपरान्त विज्ञप्ति प्रकाशित की जायेगी।

अर्ह प्रशिक्षकों के चयन के उपरान्त जनपद के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ रही 11978 बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाडि़यों का चयन किया जायेगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता होगी तथा जो ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों में कार्य करने के इक्छुक होगें। प्रशिक्षक के रूप में यथा संभव महिला प्रशिक्षक का चयन किया जायेगा।

महिला प्रशिक्षक न मिलने की स्थिति में पुरूष प्रशिक्षक चयनित किया जायेगा। डीएम ने निर्देशित किया कि अर्ह प्रशिक्षकों के चयन हेतु समाचार पत्रो में विज्ञापन प्रकाशित करते हुये योग्यताधारी प्रशिक्षकों का चयन करने की कार्यवाही शीध्र ही प्रारम्भ कर दें।

यदि विगत वर्ष 02 बार आवेदन मांगे जाने पर भी अर्ह प्रशिक्षकों के आवेदन पत्र प्राप्त नही हुये थे इसलिए इस वर्ष कार्यक्रम को प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने के लिए स्थानीय लोगां/प्रशिक्षकों से वार्ता की जाये।

# कारागार का बोर्ड ऑफ विजिटर ने किया निरीक्षण

**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नरेन्द्र कुमार झां की अध्यक्षता में जिला कारागार में बोर्ड ऑफ विजिटर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया। बोर्ड ऑफ विजिटर में कमेटी के सदस्य जिला जज नरेन्द्र कुमार झा, डीएम अक्षय त्रिपाठी, एसपी मो.मुश्ताक, सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रविशंकर गुप्ता, ईई पीडब्ल्युडी विजय चन्द्रा, रोजगार अधिकारी आकांक्षा यादव, समाज कल्याण अधिकारी संजय कुमार, बीएसए रनवीर सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता अजय बरया, सामाजिक कार्यकर्ता मोहनी जैन ने जिला कारागार में पुरूष बैरक, महिला बैरक, भोजन-शाला, अस्पताल का निरीक्षण किया। जेल में निरूद्ध बन्दियों से वार्तालाप कर उनसे किसी भी प्रकार की समस्या तथा जेल प्रशासन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत के बारे में पूछा गया तो बन्दियों ने अवगत कराया जेल अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा अच्छा बर्ताव किया जाता है।

बैरकों में बन्दियों के स्नानघर और शौचालय तथा पानी की टंकी तथा पीने के पानी का भी निरीक्षण किया गया और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। बन्दियों से निशुल्क अधिवक्ता हेतु अवगत कराया गया तथा बन्दियों को बताया गया कि यदि उन्हें निशुल्क अधिवक्ता की आवश्यकता हो तो कारागार में स्थापित लीगल एड डिफेंस काउन्सिल में अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर सकते है। बन्दियों से पूछा गया कि कारागार में किसी प्रकार का भेदभाव आपके साथ तो नहीं होता है तो उनके द्वारा बताया गया ऐसा नहीं होता है।

भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी एवं सायं कालीन भोजन बनने की प्रक्रिया चल रही थी, जो कि प्रदर्शित खाने की सूची के अनुसार थी। कारागार में स्थित अस्पताल का निरीक्षण किया गया और बीमार बन्दियों ने बताया कि उनका इलाज समय से हो रहा है। जिला कारागार में निरीक्षण के दौरान सचिव मयंक जायसवाल, प्रभारी अधीक्षक जीवन सिंह, उप कारापाल शकुंतला देवी, चिकित्सा अधिकारी डा.विजय द्विवेदी, फार्मासिस्ट विनोद कुमार, न्यायालय से जिला जज स्टेनो अनवर खां, रोहित राठौर, अभिजीत, विशाल कुमार, विकास कुशवाहा उपस्थित रहे।

# संविधान हत्या दिवस पर अभाविप का आक्रोश

**मशाल यात्रा से गूंजा ललितपुर, कांग्रेस के आपातकाल के विरुद्ध उठी छात्र शक्ति**

**ललितपुर।** भारतीय लोकतंत्र का वह काला दिन, जब सत्ता की लालसा में संविधान को रौंद दिया गया। और अब, 50 वर्षों बाद 25 जून 2025 को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ललितपुर द्वारा उस तानाशाही निर्णय के विरोध में संविधान हत्या दिवस के रूप में आक्रोश मशाल यात्रा निकाली गई। यह मशाल जुलूस नगर के नझाई बाजार स्थित परिषद कार्यालय छात्र शक्ति भवन से प्रारंभ होकर सावरकर चौक होते हुए घंटाघर पर समाप्त हुआ। इस यात्रा में सैकड़ों अभाविप कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक शामिल हुए। सभी ने हाथों में मशाल लेकर लोकतंत्र की रक्षा की शपथ ली और 1975 के आपातकाल को याद करते हुए कांग्रेस सरकार की अलोकतांत्रिक नीतियों की कड़ी आलोचना की। नगर मंत्री गोपाल शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज हम अगर अपने संवैधानिक अधिकारों का प्रयोग कर पा रहे हैं, तो यह हमारे उन मीसा बंदियों के संघर्ष और बलिदान का परिणाम है, जिन्हें तानाशाही शासन ने जेलों में डाला था। इस कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री हरिओम जायसवाल, विभाग छात्रा प्रमुख निधि राजपूत, जिला संयोजक साहिल गौतम, नगर सह मंत्री अभिषेक कुशवाहा, सौरभ कुशवाहा, हिमाचल राजा, तहसील संयोजक धनंजय दुबे, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य कुलदीप व आदित्य प्रताप सिंह, राहुल कुशवाहा, हर्ष गोस्वामी, सिद्धार्थ यादव, अनुज, प्रांजल, देव चौहान, अभिषेक परिहार, कवि परिहार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। यह मशाल यात्रा लोकतंत्र के प्रति युवा पीढ़ी की सजगता और जागरूकता का प्रतीक बनी, जिसने यह संदेश दिया कि देश के संविधान और नागरिक अधिकारों पर किसी भी प्रकार की आंच सहन नहीं की जाएगी।

# रायपुर ज़िले का नवाचार : कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के निर्देश पर सतत चिकित्सा शिक्षा के लिए ऑनलाइन उन्मुखीकरण

**रायपुर।** रायपुर जिलाधीश डॉ गौरव सिंह के निर्देशानुसार फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम के रक्तरोग विशेषज्ञ डॉ राहुल भार्गव के सहयोग एवं मुख्य चिकिस्ता एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मिथलेश चौधरी के मार्गदर्शन में प्रत्येक गुरुवार दोपहर 03-04 बजे तक ज़िले के समस्त शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में कार्यरत मेडिकल ऑफिसर का एनिमिया एवं अन्य रक्त विकारों के नवीनतम नैदानिक एवं उपचार प्रोटोकॉल का ऑनलाइन उन्मुखीकरण किया जा रहा है 7 उक्त उन्मुखीकरण सत्र में समय अनुरूप सही पहचान एवं रोकथाम के साथ एनिमिया के नवीनतम प्रबंधन के लिये केस प्रेजेन्टेशन किया जा रहा है जिससे जिले में एनीमिया के रोकथाम के लिए मद्द मिलेगी। एनीमिया एक ऐसी स्थिति है जिसमें शरीर की लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या सामान्य से कम हो जाती है एवं शरीर के अंगों में आक्सीजन की सप्लाई प्रभावित होती है जिससे पीड़ित व्यक्ति के शारिरिक एवं मानसिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। गंभीर स्थिति में यह जीवन के लिये खतरा भी हो सकता है।

आयरन एवं विटामिन बी-12 की कमी एनीमिया के मुख्यतः कारण होते हैं। अनुवांशिक रक्त विकार जैसे कि सिकल सेल अनिमिया, थैलेसिमिया के साथ कुछ पुरानी बिमारियाँ जैसे कि किडनी रोग, कैंसर, यकृत के विकार, हिमोमिसिस की स्थिति जैसे हेमोलिटिक एनीमिया भी एनिमिया के कारण हो सकते है। यह सप्ताहिक सत्र एनिमिया के दुष्प्रभाव को कम कर सरकारी डाक्टरों को कुशलता प्रदाय करेगा, जिससे कि जिले में डाक्टरों की दक्षताओं को बढ़ाने एवं बनाये रखने में मद्दगार सबित होगा।

# अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर।** अलग-अलग थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। चारों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार श्यामनगर इंद्राचौक तेलीबांधा निवासी रेशम लाल हिरवानी 29 वर्ष ने तेलीबांधा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एलजी 9205 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं दूसरे मामले में बोरियाखुर्द टिकरापारा निवासी पी.रोशनी राव 27 वर्ष ने अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 एवी 0810 को सिटी सेंटर मॉल के पीछे रोड किनारे खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## अवैध डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

**रायपुर।** ग्राम मोहमेला के स्कूल के पास आरंग पुलिस ने अवैध डीजल के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 300 लीटर डीजल जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार आरंग पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम मोहमेला में दबिश देकर आरोपी अजय मनहरे 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 6 जरीकेन में 50-50 लीटर डीजल जब्त किया है। जुमला 300 लीटर डीजल जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 28200 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## रथयात्रा महोत्सव में शामिल हुए राज्यपाल डेका

**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका रथ यात्रा पर्व के अवसर पर आज गायत्री नगर रायपुर स्थित जगन्नाथ मंदिर में आयोजित महाप्रभु जगन्नाथ के रथ यात्रा महोत्सव में शामिल हुए।

# अति वर्षा की स्थिति से निपटने के लिये सभी विभाग समय रहते व्यवस्थायें सुनिश्चित करें

## स्वास्थ्य, महिला बाल विकास एवं पीएचई विभाग का मैदानी अमला सक्रियता से अपनी जवाबदारी निभाए, संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने गूगल मीट के माध्यम से ग्वालियर-चंबल संभाग के अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश



**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी जिले बरसात के मौसम में अति वर्षा की स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैद रहें। महिला-बाल विकास, स्वास्थ्य एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पूरी क्षमता से मैदानी अमले के साथ सभी तैयारियां पूर्व से रखें। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए है। संभागीय आयुक्त कार्यालय के सभागार से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से ग्वालियर एवं चंबल संभाग के सभी महिला एवं बाल विकास अधिकारी, सीएमएचओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्रियों के साथ अति वर्षा की स्थिति से निपटने की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में रिजनल कॉर्डिनेटर महिला एवं बाल विकास सुश्री रेखा अग्रवाल, एसई पीएचई मुरैना श्री वी के छारी, जॉइंट डायरेक्टर महिला एवं बाल विकास मुरैना श्री डी के सिद्दीकी, जॉइंट डायरेक्टर सीएमएचओ डॉ. बी एस सैत्या उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त श्री मनोज खत्री ने कहा है कि दोनों संभागों में बरसात के दौरान पहुँच विहीन आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पूर्व से ही भोजन-आहार का भण्डारण किया जाये। विभागीय अधिकारी 10 दिन में केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी कार्यों को देखें। पोषण-आहार संयंत्रों का भी निरीक्षण किया जाए। उन्होंने महिला एवं बाल विकास विभागों के अधिकारियों को विभागीय निर्माण कार्यों का भी निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसके साथ ही मैदानी अमले की बैठकें आयोजित करने को भी कहा है। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने ग्वालियर-चंबल संभाग के सभी अधिकारियों को अपने फोन चालू रखने के निर्देश दिए है, तांकि किसी आपात स्थिति में सम्पर्क स्थापित होता रहे। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान दोनों संभाग के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्षा के दौरान सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर आवश्यक दवाओं का भण्डारण सुनिश्चित करें। इसके साथ ही मौसमी बिमारियों के संबंध में सभी एहतियाती तैयारियाँ रखी जाएं।

**सभी हॉस्टलों का हो निरीक्षण**

संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने स्वासथ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले के सभी हॉस्टलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण किया जाए। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य परिक्षण एवं आवश्यक दवाओं का वितरण करें। संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए है कि ग्वालियर-चंबल संभाग के दोनों जिलों में स्थापित हेंडपंपों एवं जल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन का कार्य किया जाए। आंगनवाड़ी केन्द्रों, हॉस्टलों और स्वास्थ्य केन्द्रों के पास स्थापित शत प्रतिशत हेंडपंपों का निरीक्षण और क्लोरिनेशन कार्य विभागीय अधिकारी कराएं।

**सोशल मीडिया का उपयोग करें**

संभागीय आयुक्त श्री खत्री ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए है कि सोशल मीडिया का सकारात्मक उपयोग करें। आम जनों को सूचनाएं, जानकारी देने का सशक्त माध्यम है। इसका सभी अधिकारी उपयोग करें। इसके साथ ही सोशल मीडिया के माध्यम से जो जानकारियां मिल रहीं हैं, उस पर भी निगरानी रखें। सकारात्मक कार्यों को जनता तक पहुँचाएं।

# जौरासी के समीप निर्माणाधीन डॉ. अम्बेडकर धाम का कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किया निरीक्षण

## निर्माण एजेंसी को दिए दिश-निर्देश, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, सीईओ जिला पंचायत एवं डबरा एसडीएम भी थे साथ




**ग्वालियर।** ग्वालियर के जौरासी में बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम का निर्माण कार्य किया जा रहा है। शासन द्वारा इसके लिये 8 करोड़ रूपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है। अम्बेडकर धाम में डिजिटल लाइब्रेरी, म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने शुक्रवार को अम्बेडकर धाम निर्माण कार्य का अवलोकन किया और निर्माण एजेंसी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्री प्रेम सिंह राजपूत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री धर्मवीर सिंह व सीईओ जिला पंचायत श्री विवेक कुमार एवं एसडीएम डबरा श्री दिव्यांशु चौधरी एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री विवेक कुमार ने जौरासी हनुमान मंदिर के समीप निर्मित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर धाम के निर्माण कार्य का अवलोकन किया। निर्माण एजेंसी के इंजीनियरों द्वारा निर्माण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रोजेक्ट अधिकारी ने बताया कि अम्बेडकर धाम के लिये शासन द्वारा 8 करोड़ रूपए की धनराशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके साथ ही अम्बेडकर धाम में डिजिटल म्यूजियम, ऑडिटोरियम, कॉन्फ्रेंस हॉल आदि का निर्माण किया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 5 करोड़ रूपए से अधिक की धनराशि निर्माण कार्य पर व्यय की गई है।

# जिले में हैंडपंपों के क्लोरीनेशन का कार्य जारी

## कलेक्टर के निर्देश पर पीएचई का अमला कर रहा है क्लोरीनेशन का कार्य



**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में बरसात के दौरान हैंडपंपों एवं जल संरचनाओं के क्लोरीनेशन का कार्य कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान के निर्देश पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। ग्वालियर जिले में पीएचई अमले द्वारा 2 हजार से अधिक हैंडपंपों के क्लोरीनेशन का काम पूर्ण कर लिया गया है। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान द्वारा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए गए थे कि बरसात के दौरान आम जनों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो, इसके लिये हैंडपंपों के साथ-साथ जल संरचनाओं में क्लोरीनेशन का कार्य किया जाए। विभाग के माध्यम से सम्पूर्ण जिले में हैंडपंपों में क्लोरीनेशन का काम किया जा रहा है। अब तक 2 हजार से अधिक हैंडपंपों में क्लोरीनेशन का काम पूर्ण कर लिया गया है। आगामी 10 दिनों में जिले में स्थापित सभी हैंडपंपों में क्लोरीनेशन का कार्य पूरा किया जायेगा।

# नाका गांव के लोग रामेश्वर तीर्थ के लिए हुए रवाने हुए



**मुरैना,कांस।** जिले के ग्राम नाका के रामेश्वर तीर्थ वासियों ने मां हरसिद्धि देवी के दर्शन एवं अर्चना कर रामेश्वर तीर्थ के लिए सीसी चढ़ाने रवाना हुए राघवेन्द्र सुल्तान सिंह हर्षाना ग्राम नाका ने बताया की हमारे नाका गांव के लोग पहले चार धाम यात्रा कर चुके हैं अब बो सीसी चढ़ाने रामेश्वर तीर्थ वासियों आज मां हरसिद्धि देवी के दर्शन कर रवाना हुए इस अवसर पर परिमाल सिंह हर्षाना रामखत्यार सिंह भूरा पटेल हट्टी सिंह टीकाराम हर्षाना आशाराम हर्षाना मलखान सिंह सियाराम हर्षाना मोहर सिंह हर्षाना रामबरन हर्षाना भूरा हर्षाना काई अन्य लोगों को तीर्थ वासियों को सभी गांवों वालों ने विदाई दी।

# प्र. उपायुक्त श्री जखैनिया को प्र. उपायुक्त राजस्व का सौंपा दायित्व

**ग्वालियर।** कार्य सुविधा की दृष्टि से नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के जारी आदेशानुसार श्री उत्तम जखैनिया प्रभारी उपायुक्त सम्पत्तिकर ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र को आगामी अन्य आदेश होने तक अपने वर्तमान कार्य के साथ साथ प्रभारी उपायुक्त राजस्व का दायित्व सौंपा जाता है।

# सी बी एम ओ द्वारा हरी झंडी दिखाकर मलेरिया जागरूकता रथ किया रवाना




**जौरा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पद्मेश उपाध्याय के निर्देशन व मार्गदर्शन में सिविल हॉस्पिटल जोरा के मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ आर एस सेमिल एवं डी सी एम सुनील प्रजापति द्वारा विकासखंड जोरा क्षेत्र के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जन समुदाय को मलेरिया चिकनगुनिया एवं डेंगू के प्रति जागरूक करने हेतु जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया,इस अवसर पर एम आई दीनदयाल शर्मा, बी ई ई भूपेंद्र धाकड़, ए एन एम ए कमलेश कुमार श्रीवास्तव आदि स्वास्थ्य विभाग के लोग मौजूद थे। रथ को रवाना करते हुए सी बी एम ओ डॉ आर एस सेमिल ने बताया कि बरसात के समय लोगों मे बुखार, ठंड लगना, सिर दर्द उल्टी, कमजोरी जैसे कई लक्षण दिखाई देने लगते हैं यह बहुत ही खतरनाक लक्षण है यह लक्षण मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं मलेरिया के खतरे से लोगों को सचेत करने के उद्देश्य से महा जून को एंटी मलेरिया माह के रूप में मनाया जा रहा है इसी क्रम में आज जोरा क्षेत्र के लिए मलेरिया जागरूकता रथ को रवाना किया गया है यह रथ ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को मलेरिया चिकनगुनिया एवं डेंगू के प्रति जागरूक करेगा इस अवसर पर उन्होंने जन समुदाय से अपील की कि लोग अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखें एवं गंदे पानी का जल भराव ना होने दें क्योंकि गंदे पानी में मच्छर पनपने लगते हैं ओर मच्छर के काटने से मलेरिया फैलता है साथ ही रात्रि में सोते समय मच्छरदानी का भी उपयोग करें।

# जौरा पुलिस ने चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए तीन बाल-अपचारियों से 22,500/- मशरूका जब्त किया



**मुरैना,कांस।** पुलिस अधीक्षक गुरैना, श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा जिले में घटित चोरी एवं नकबजनी की घटनाओं पर अंकुश लगाने, अज्ञात आरोपियों की पत्तारसी एवं गिरफ्तारी एवं चोरी गए माल-मशरूका की बरामदगी हेतु सम्पूर्ण जिले में विशेष अभियान संचालित कराया जा रहा है। उक्त अभियान के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी जौरा श्री नितिन बघेल के मार्गदर्शन में थाना जौरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत घटित चोरी की घटनाओं का त्वरित खुलासा करते हुए 03 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर उनके कब्जे से चोरी किया

# गौरी इन्टरप्रायजेज के भव्य शोरूम का जरेरूआ सरकार ने किया उद्घाटन

**मुरैना,कांस।** मुदगल ग्रुप ऑफकम्पनी के जेल रोड के पास स्थित नवीन शो रूप का गत दिवस जरेरूआ सरकार के महामण्डलेश्वर 1008 श्रीश्री हरीदास नागाजी महाराज के कर कमलो से फीता काटकर किया गया। इस मौके पर सैकडो लोगो ने महाराज जी से आशीर्वाद प्राप्त किया। नवीन प्रतिष्ठान के उद्घाटन के मौके पर शोरूम संचालक दिनेन्द्र मुदगल, कवीन्द्र मुदगल, कपिल, प्रकाश मुदगल के अलावा रविन्द्र मावई, रिन्कू परसराम मुदगल, श्यामसुन्दर उर्फकल्ला सरपंच ,पुरातत्व अधिकारी अशोक शर्मा, लक्ष्मीनारायण डण्डोतिया पटेल, रामकृष्ण नेत्रालय के संचालक डॉ. आरपी शर्मा, यदुनाथ सिंह तोमर, संदीप तिवारी,केडी डण्डोतिया, हितेन्द्र डण्डोतिया सहित सैकडो लोग उपस्थित थे।

# युवक ने बबूल के पेंड से फांसी लगाई

**मुरैना,कांस।** सिहोनिया थाना क्षेत्र में एक युवक ने बबूल के पेड से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त करने का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के खडिया बीहड में रहने वाले अजय उर्फ चेटा पुत्र राजेन्द्र सिंह तोमर उम्र 35 साल ने अज्ञात कारणो के चलते गॉव के बीहड में बबूल के पेड से फांसी का फन्दा लगाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। थाना पुलिस ने फरियादी नरसिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह तोमर की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।

# मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 जून को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे

**ग्वालियर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 28 जून को अल्प प्रवास पर ग्वालियर आयेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 28 जून को प्रातः 11.35 बजे विमान द्वारा राजमाता विजयाराजे सिंधिया विमानतल महाराजपुरा पर पधारेंगे। मुख्यमंत्री स्थानीय कार्यक्रम में भाग लेने के पश्चात हैलीकॉप्टर द्वारा दोपहर 12.40 बजे ग्वालियर से निवाड़ी जिले के लिये प्रस्थान करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शाम 5.30 बजे दंदरौआ धाम में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के पश्चात शाम 6 बजे वापस ग्वालियर पधारेंगे। कुछ देर रुकने के पश्चात विमान द्वारा ग्वालियर से भोपाल के लिये प्रस्थान करेंगे।

# राजस्व और पुलिस अधिकारी भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में औचक निरीक्षण करें - कलेक्टर

## कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न



**मुरैना,कांस।** शहर की यातायात व्यवस्था सुदृढ़ बने, इसलिए राजस्व और पुलिस अधिकारी नगर निगम के भीड़भाड़ वाले स्थानों पर औचक निरीक्षण करेंगे। अपर कलेक्टर-अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, एसडीएम-सीएसपी, तहसीलदार-संबंधित थाना प्रभारी जॉइंट शहर की सड़को का प्रतिदिन भ्रमण कर ट्रैफिक व्यवस्था में कमियों को दूर करेंगे। ये निर्देश कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में अधिकारियों को दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ, सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव, मुरैना विधायक श्री दिनेश गुर्जर, समाजसेवी डॉ. योगेशपाल गुप्ता, अपर कलेक्टर श्री सीबी प्रसाद, सीएसपी श्रीमती दीपाली चंदोरिया, नगर निगम कमिश्नर श्री सत्येन्द्र धाकरे, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्रीमती अर्चना परिहार सहित सड़क सुरक्षा समिति के सदस्यगण एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना ने कहा कि ये सभी अधिकारी प्रतिदिन जाम वाले स्थलों पर पहुंचेगे और वहां की व्यवस्थाओं में सुधार करने की प्लानिंग करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि शहर में ट्रैफिक सिग्नल चालू हो गये है, वहां पर भी पुलिस फोर्स मौजूद रहे और काउंट डाउन की लिमिट भी कम की जाये। शहर में स्वयं कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक औचक भ्रमण कर यातायात व्यवस्था को सुधारने के लिए मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि फाटक के बाहर रोड़ पर लगने वाले हाथ ठेलो को नगर निगम निर्धारित स्थानों पर शिफ्ट करायें। उन्होंने कहा कि जौरा रोड़ पर जाम के हालात न बने, वहां पुलिस बल तैनात रहे। कलेक्टर ने कहा कि धौलपुर रोड़ पर जैन मंदिर के पास फुट ब्रिज बना हुआ है, वहां पर उस ब्रिज का कोई औचित्य नहीं, एनएचआई 07 दिवस के अंदर इसे ग्वालियर-आगरा हाइवे के अम्बाह बायपास रोड़ पर शिफ्ट करें। इसी प्रकार बानमौर में फैक्ट्री क्षेत्र में फुट ब्रिज बनाया गया है, उसे भी बानमौर शहर के समीप शिफ्ट करने के लिए एनएचआई को गैल इंडिया के मार्गदर्शन में शिफ्ट कराने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने शहर में प्रमुख मार्गो, बस स्टेण्ड पर अवैध रूप से रोड़ पर लगाये गये हाथ ठेलों को भी हटाने के निर्देश ट्रैफिक प्रभारी को दिये। उन्होंने कहा कि विशेषकर रेल्वे स्टेशन और ओवरब्रिज के पास से ई-रिक्शा शीघ्र हटवाये जायें। पुलिस अधीक्षक श्री समीर सौरभ ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुधरे, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध है,अधिकारी प्लानिंग के साथ कार्य करें।आम नागरिक ट्रैफिक सिग्नलों का पालन करें।

बैठक में क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने 16 बिन्दुओं को विस्तार से पढ़कर सुनाया। जिनमें एम.एस. रोड से जेल मार्ग नवीन अस्पताल भवन की ओर जाने वाले रास्ते के ÷टी÷ प्वाइंट पर पर्याप्त यातायात व्यवस्था, रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार पर पर्याप्त यातायात व्यवस्था, राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-552 जौरा रोड की खराब स्थिति को तत्काल सुधार किये जाने के संबंध में एवं मुरैना से अम्बाह रोड पर क्षतिग्रस्त मार्ग एवं गड्ढे आदि को चिन्हित कर तत्काल सुधार, न्यू जिला पंचायत कार्यालय मार्ग पर अव्यवस्थित रूप से स्थापित बिजली के पोल मार्ग के बीचो बीच में होने से उत्पन्न समस्या के समाधान, बस स्टेण्ड के मुख्य द्वार पर वाहनों के अनावश्यक खड़े होने से होने वाली समस्या के समाधान एवं क्षतिग्रस्त मार्ग एवं गढ्डो आदि को चिन्हित कर तत्काल सुधार कराये जाने, मुरैना से अम्बाह एवं मुरैना से सबलगढ़ मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों के लिए पृथक से बस स्टेण्ड स्थापित करने, एमएस रोड़ हॉस्पीटल के सामने दवा मार्केट, पुलिस तिराहा एवं अन्य प्रतिष्ठानों के बाहर वाहनों को अनावश्यक खडा करने से होने वाली समस्या एवं एमएस रोड़ पर अत्याधिक संख्या में ई-रिक्शा के संचालन से होने वाली समस्या, एनएस 3 अम्बाह बाईपास रोड पर लगने वाले जाम के समाधान हेतु एवं राष्ट्रीय, राज्य मार्गो पर ब्लैक स्पॉट, ग्राम छौदा टोल प्लाजा पर वाहनों से होने वाली जाम की स्थिति, शहरी सीमा में आवारा पशुओं से होने वाली समस्या के समाधान, मुरैना जिले के अंतर्गत स्कूली वाहनों की नियमित जाँच एवं सुरक्षित परिवहन, समस्त स्कूल स्कूल संचालक, प्राचार्य सहित स्कूल वाहनों की सूची, एनएच 552 पर रिफलेक्टिंग टेप रेडियम, चमकदार सांकेतिक बोर्ड आदि लगाये जाने, शिकारपुर फाटक पर जाम की स्थिति के समाधान, पुराना शुक्ला होटल बस स्टेण्ड से बाईपास रोड पर पोल शिफ्टिंग एवं मार्ग के मरम्मत कार्य को पूर्ण कराये जाने, एनएच 3 जैन मंदिर के पास लगे 'पैदल ऊपरी पुल' (फुट ओव्हर ब्रिज) को आवश्यकतानुसार किसी अन्यत्र स्थान पर लगाये जाने, एनएच-3 मुरैना से ग्वालियर मार्ग पर सैयद नहर के पास नहर मार्ग पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है। शहर की यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिये अन्य आवश्यक बिन्दुओ पर चर्चा की गई। इन सभी 16 बिन्दुओं का समाधान कलेक्टर ने बारी-बारी से करने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

# निगम परिषद की बैठक में लिए अनेक निर्णय, बैठक 7 जुलाई 2025 तक स्थगित



**ग्वालियर।** नगर निगम परिषद के साधारण सम्मेलन का आयोजन सभापति श्री मनोज सिंह तोमर की अध्यक्षता में निगम परिषद कार्यालय में आयोजित किया गया। साधारण सम्मेलन में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर अनेक निर्णय लिए गए। निगम परिषद में आयोजित बैठक में बिंदु क्रमांक 11 वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पार्षदगणों की मौलिक निधि राशि में की गई वृद्धि के संबंध में लिए गए निर्णय पर पुनर्विचार करने के संबंध में चर्चा उपरांत सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पार्षदों की मौलिक निधि 90 लाख रुपये अतिरिक्त जीएसटी की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

बैठक में बिंदु क्रमांक 2 वेस्ट टू वंडर पार्क के सुचारू संचालन एवं संधारण हेतु टिकट दरों का निर्धारण करने के संबंध में चर्चा उपरांत सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने वेस्ट टू वंडर पार्क की टिकट दरों में व्यस्क पुरूष एवं महिला के लिए 30 रूपये, स्कूल छात्र एवं छात्राओं के लिए 15 रूपये, विदेशी पर्यटकों के लिए 150 रूपये, कैमरा 50 रूपये, ड्रोन शूट के लिए 100 रूपये तथा 10 वर्ष तक के बच्चे दिव्यांगों के लिए निशुल्क की स्वीकृति प्रदान की साथ ही सिविल वर्क की जांच के लिए चार सदस्यीय समिति जिसमें संयोजक नेता प्रतिपक्ष श्री हरिपाल एवं समिति सदस्य पार्षद श्री गर्राज कंषाना, एमआईसी सदस्य श्री अवधेश कौरव, नोडल पीआईयू श्री पवन सिंघल बनाया गया एवं उक्त समिति 01 माह में जांच कर संदन को अवगत करायेगी। इसके साथ ही बैठक में सभी पार्षदगणों की सहमति उपरांत वार्डों की समस्याओं को लेकर हुई चर्चा उपरांत सभापति श्री मनोज सिंह तोमर ने निगमायुक्त श्री संघ प्रिय को निर्देशित किया कि वार्डों में सीवर सफाई में मशीनों की समस्या आ रही है, चैम्बरों में प्लास्टर नहीं है, मलवा चैम्बरों में चला जाता है। सिर्फ ढक्कन बदले जा रहे हैं इसके निगमायुक्त देखें तथा ठेका प्रथा को निगमायुक्त संज्ञान में लेकर नियमानुसार ठेका समाप्त किया जा सकता है तो इस पर निगमायुक्त विचार करें एवं पीएचई के उपयंत्री एवं सहायक यंत्री अपने अपने क्षेत्र में मॉनिटरिंग करें तथा जहां सीवर समस्या है तो उसका तत्काल समाधान करें।

# खेल शिविरों के आयोजन से खेलों की बारिकीयों को सीखतें है खिलाड़ी - जिला पंचायत सीईओ

**मुरैना,कांस।** मध्यप्रदेश शासन खेल और युवा कल्याण विभाग के तत्वाधान में जिला स्तरीय खेल संघों से सहयोग से जिला मुख्यालय पर 10 खेलों एथलेटिक्स, हॉकी, थ्रॉ बॉल, बैडमिंटन, फुटबॉल, योगा, व्हॉलीवॉल, क्रिकेट, लॉन टेनिस, ताईक्वाण्डों का नियमित प्रशिक्षण शिविर चिन्हित किए गए विभिन्न खेल मैदानों पर 19 मई से 24 जून 2025 तक प्रातः 6 से 8 बजे के मध्य आयोजित किये गये थे। जिसमें जिला मुख्यालय पर कुल 770 एवं ब्लॉक मुख्यालय पर कुल 519 क्रमशः अम्बाह ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 99, पोरसा ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 99, जौरा ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 96, कैलारस ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 82, सबलगढ़ ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 94, पहाड़गढ़ ब्लॉक पर प्रशिक्षणाथियों की संख्या 49 लाभान्वित हुए है। इस प्रकार शिविर से जिला मुरैना के अन्तर्गत कुल 1289 प्रशिक्षणार्थियों विभिन्न खेलों में लाभान्वित हुए है। जिला मुख्यालय पर कुल 10 खेल एवं प्रत्येक ब्लॉक मुख्यालय पर 3 खेलों के प्रशिक्षिण शिविर विभागीय संविदा ग्रामीण युवा समन्वकों के द्वारा लगाए गए है। 30 दिवसीय प्रशिक्षण उपरान्त शिविर का समापन गत दिवस पुलिस लाईन बैडमिंटन हॉल में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मुरैना श्री कमलेश कुमार भार्गव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डाबर एवं रक्षित निरीक्षक की उपस्थिति में संपन्न हुआ। समापन अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्री कमलेश कुमार भार्गव ने कहा कि खेल शिविरों के आयोजन से खेलों की बारिकीयों को खिलाड़ी सीखतें है और अनुशासन भी सीखने को मिलता है। खिलाड़ी को खेल की भावना के साथ खेलना चाहिए। खेलने के पश्चात् खिलाड़ी को गांव, शहर, जिला, प्रदेश का नाम रोशन करना चाहिए। अंत में विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों, सीनियर प्रशिक्षकों, खिलाड़ियों के द्वारा दिए गए 30 दिवसीय शिविर के संचालन में सहयोग प्रदान करने, प्रशिक्षणार्थियों उनके अभिभावकों का भी समापन समारोह कार्यक्रम में उपस्थित होने पर आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में संभागीय खेल अधिकारी श्री प्रशांत कुमार कुशवाह उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का कार्यक्रम कलेक्टर की अध्यक्षता में सम्पन्न



**मुरैना,कांस।** अंतर्राष्टीय नशा निवारण दिवस का समापन गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई कक्ष में कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना की उपस्थिति में संपन्न हुआ। विदित है कि यह कार्यक्रम 01 जून से 26 जून तक जिले में संचालित किया गया। कार्यक्रम के नोडल डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा के नेतृत्व में किया गया। सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली भारत सरकार द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान, नशा मुक्ति मध्यप्रदेश, नशा मुक्त मुरैना बनाने की पहल के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के बाद प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण भी किये गये। पुरस्कारों का वितरण कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने संबोधित करते हुये कहा कि जितने लोग भी यहां बैठे हुए हैं, वह वालंटियर के रूप में कार्य करें और नशा रूपी इस दैत्य को मुरैना से समूल नष्ट करें। ऐसा दृण संकल्प आज हम सब मिलकर लें। संयुक्त कलेक्टर श्री शुभम शर्मा, सीएमएचओ डॉ. पद्मेश उपाध्याय, पीजी कॉलेज के प्रोफेसर श्री दिलीप कटारे मौजूद थे। शासकीय कला पथक दल मुरैना द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

# आपातकाल लगाना संविधान की हत्या थी : मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवा संसद में युवाओं से की आपातकाल पर चर्चा

भोपाल ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आपातकाल लागू करना तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा संविधान की हत्या थी। आपातकाल लागू करने के संबंध में न केंद्रीय कैबिनेट ने स्वीकृति दी थी न ही राज्यों की ओर से ऐसा कोई प्रस्ताव दिया गया था। जिम्मेदार लोगों ने ही संविधान का पालन नहीं किया। अभिव्यक्ति और प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने युवाओं से आपातकाल लागू किए जाने के प्रसंग पर प्रश्न पूछे और उन्हें मौजूदा दौर की विशेषताओं पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटर स्टेट बस टर्मिनल स्थित नगर निगम भोपाल के सभाकक्ष में शुक्रवार को आयोजित युवा संसद कार्यक्रम में युवाओं से संवाद करते हुए उक्त बात कही।

युवा संसद को वरिष्ठ सांसद श्री वी.डी. शर्मा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज की पीढ़ी को इमरजेंसी का प्रसंग बताया जाना आवश्यक है। अनेक युवाओं ने आपातकाल की बुराइयों पर विचार व्यक्त किए और आपातकाल लागू करने को लोकतंत्र विरोधी कदम बताया। उल्लेखनीय है कि भारत सरकार ने संविधान हत्या दिवस 25 जून 2025 से निरंतर एक वर्ष तक विभिन्न गतिविधियों के संचालन के निर्देश दिए हैं। इस क्रम में मध्यप्रदेश में लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं और वैचारिक गोष्ठियों के कार्यक्रम, विभिन्न संस्थाओं द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। वरिष्ठ लोकतंत्र सेनानी श्री विभीषण सिंह का मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मान किया। प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव का स्वागत किया गया। आयोजक संस्था की ओर से प्रदेश पदाधिकारी श्री वैभव पवार और राष्ट्रीय पदाधिकारी श्री रोहित चहल ने अतिथियों का स्वागत किया और युवा संसद में विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर भोपाल की महापौर श्रीमती मालती राय नगर निगम भोपाल के अध्यक्ष श्री किशन सूर्यवंशी और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पर दिया जाए विशेष ध्यान

### संभागायुक्त श्री सिंह ने समयावधि समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

भोपाल ब्यूरो।



संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने निर्देश दिए हैं कि मातृ-शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। इस संबंध में न केवल नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, पोषण गतिविधियां संचालित की जाएं अपितु संबंधितों को जागरूक भी किया जाए। स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग इस संबंध में आपसी समन्वय से कार्य करें। संभागायुक्त श्री सिंह ने संभागायुक्त सभाकक्ष में शुक्रवार को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान ये निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव, उपायुक्त राजस्व श्रीमती किरण गुप्ता, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती नकी जहां कुरैशी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## श्री रामभक्त मंडल ने की हरे चारे की गौभोग सेवा

**ग्वालियर कांस।** श्री रामभक्त मंडल ने गौमाता को शुक्रवार को आदर्श गौशाला लालटिपारा मुरार में 23 क्विंटल 66 किलो हरे चारे का भोग प्रभु मध्यप्रदेश चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय गोविंद दास अग्रवाल जी की स्मृति में अर्पण किया। श्री रामभक्त मंडल ग्वालियर लगभग विगत लगभग 6 वर्षों से अपने गौ सेवकों के सहयोग द्वारा सप्ताह में दो बार एवं प्रत्येक धार्मिक उत्सवों पर गौ भोग (हरे चारे) की सेवा करता आ रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष नंदकिशोर गोयल, संयुक्त अध्यक्ष अरविंद मित्तल, कोषाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष प्रेमकिशोर गोयल, नवलकिशोर कुशवाह, मनोज बंसल इत्यादि उपस्थित थे।

# भविष्य की विद्युत जरूरतों के दृष्टिगत अरुणाचल प्रदेश से 252 मेगावाट बिजली लेने का समझौता

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव की उपस्थिति में अनुबंध पर हुए हस्ताक्षर

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में मुख्यमंत्री निवास के समत्व भवन में शुक्रवार को केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत क्रय अनुबंध पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी (एमपीपीसीएल) और एनएचपीसी के मध्य हस्ताक्षर हुए और एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। अनुबंध के आधार पर एनएचपीसी की अरुणाचल प्रदेश के लोअर दि बांग वैली जिले में स्थित बहुउद्देशीय जल विद्युत परियोजना से मध्यप्रदेश को केन्द्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा आवंटित 252 मेगावाट विद्युत मिलेगी। विद्युत क्रय अनुबंध (पीपीए) पर एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक राकेश ठुकराल और एनएचपीसी के महाप्रबंधक ओंकार यादव ने हस्ताक्षर किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस अनुबंध को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भविष्य की मांग को देखते हुए पारम्परिक ऊर्जा स्रोतों के अलावा विभिन्न नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों से भी विद्युत क्रय अनुबंध आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश कृषि प्रधान राज्य है। मध्यप्रदेश में घरेलू और औद्योगिक आवश्यकताओं के साथ ही कृषि क्षेत्र में बिजली की खपत निरंतर बढ़ रही है। ऐसे में भविष्य की जरूरत का आकलन भी किया जा रहा है।


**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-प्रापण निविदा सूचना 03/2025 दिनांक 25.06.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

| | |
|---|---|
| **जेम बिड सं. व दिनांक :** GEM/2025/B/6374844 Dated 24-06-25 | **मात्रा :** 9500 मीटर |
| **विवरण :** LT XLPE केबल 04 कोर 120 वर्ग मिमी. आइटम का पूरा विवरण GeM बोली में संलग्न है | |
| **ईएमडी (रु.):** 1,01,340/- | **निविदा खुलने की तिथि :** 24.07.2025 |

**नोटः 1.** उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पुरा विवरण-IREPS वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई- बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं कि जायेगी । वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको I.T. Act 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी Class III, Digital हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पेज पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म / लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नही किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **4.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्तक्षरित होने चाहिये। **5.** ड्राइंग की कीमत के लिये विनिधान जेड 650 - एवं बयाना राशि (ई.म.डी) जमा करने के लिये विनिधान भंडार 00844517 है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाईट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **1107/25 (AS)**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR



**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-टेन्डर नं0. पी0आर0वाई0जे0-सिग-402-2025-26 दिनांक : 24.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ट मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियन्ता/समन्वय/उत्तर मध्य रेलवे प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा निर्धारित प्रपत्र पर **दिनांक 16.07.2025 को 15:00 बजे** तक आमन्त्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्या :** पी0आर0वाई0जे0-सिग-402-2025-26 | **निविदा प्रतिभूति/धरोहर राशि (रूपये में) :** 208100.00 |
| **कार्य का विवरण :** "प्रयागराज मंडल के कौरारा-गाज़ियाबाद सेक्शन और समबन्ध ब्रांच लाइन सेक्शन में दो वर्ष की अवधि के लिए सेक्शनल ओ.एफ.सी. (सिग्रलिंग के लिए) रखरखाव का अनुबंध।" | |
| **अनुमानित मूल्य (रूपये में) :** Rs. 11614154.14/- (एक करोड़ सोलह लाख चौदह हजार एक सौ चौवन रूपये और चौदह पैसा केवल) | |
| **कार्य समापन की अवधि :** 24 माह | **निविदा बंद होने/खुलने की तिथि :** 16.07.2025 |

**निविदा प्रपत्रों की उपलब्ध :** निविदा प्रपत्र **www.Ireps.gov.In** पर निविदा खुलने की तिथि से 21 दिन पहले उपलब्ध हो जायेंगे।

**बयाने की राशि जमा करना एवं उसका रूप :** निविदाओं में निर्धारित उपरोक्त धरोहर राशि निविदा प्रपत्र के साथ ऑनलाइन इन्टरनेट बैंकिग या ऑनलाइन भुगतान गेटवे द्वारा जमा की जाएगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि उपरोक्त के अतिरिक्त किसी अन्य रूप में जमा करते हैं तो उनका निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। बिना उचित धरोहर राशि के निविदा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और पूर्णतः अस्वीकृत कर दी जाएगी।

**निविदा खुलने का समय तिथि एवं स्थान :** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि को 15:30 बजे या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जाएगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन कार्य दिवस पर खोली जाएगी।

**निविदा की वैधता :** निविदा खुलने के 60 दिन तक ।

**निविदा सम्बंधित रेलवे के अधिकार :** रेलवे प्रशासन का किसी भी समय बिना कारण बताये कोई एक या सारी निविदाओं को स्थगित/संशोधन/निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है। **1112/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

E-TENDER NOTICE NO. 02/2025 Date : 26.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य सिग. एवं दूर.सं.इंजी. (गतिशक्ति), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः-

| | |
|---|---|
| **E-TENDER NO. :** आगरा-एसटी-जीएस-2025-02 | **कार्य की लागत :** Rs. 28855870.52 |
| **कार्य का नाम :** आगरा मंडल के छाता-पलवल खंड में सिग्नलिंग उपकरणों की बिजली आपूर्ति बढ़ाने और उनकी विश्वसनीयता सुधारने के लिए सिग्नल एवं दूरसंचार केबलों को स्थानांतरित करने/बदलने का कार्य। | |
| **निविदा बन्द दिनांक :** 21.07.2025 | |

• निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। • निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त दिनांक को **15:00 बजे** तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते है।• इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। **1120/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्रांकः- DRM/C/AGRA/PARKING /E-AUCTION/2025 दिनांकः-26.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि0 मण्डल वाणिज्य प्रबंधक - आगरा द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

| | |
|---|---|
| **श्रेणीः** पार्किंग | **केटलॉग संख्याः** PARKING-2025-2 |
| **एसेट्स डिटेल्सः** आगरा छावनी रेलवे स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया में स्थित साईकिल, स्कूटर, मोटर साईकिल एवं कार पार्किंग (मिक्स पार्किंग) | |
| **ई-नीलामी प्रारम्भ होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः- 14.07.2025 समयः- 11:30** | |
| **ई-नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समयः दिनांकः- 14.07.2025 समयः- 12:00** | |

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in E-Auction Module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1118/25 (A)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

E-TENDER NOTICE NO. 02/2025 Date : 26.06.2025

**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य सिग. एवं दूर.सं.इंजी. (गतिशक्ति), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा भारत द्वारा राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु "खुली निविदा" केवल ऑनलाइन माध्यम द्वारा (ई-टेन्डरिंग) आमंत्रित की जाती हैः-

| | |
|---|---|
| **E-TENDER NO. :** आगरा-एसटी-जीएस-2025-02 | **कार्य की लागत :** Rs. 28855870.52 |
| **कार्य का नाम :** आगरा मंडल के छाता-पलवल खंड में सिग्नलिंग उपकरणों की बिजली आपूर्ति बढ़ाने और उनकी विश्वसनीयता सुधारने के लिए सिग्नल एवं दूरसंचार केबलों को स्थानांतरित करने/बदलने का कार्य। | |
| **निविदा बन्द दिनांक :** 21.07.2025 | |

• निविदा की पूर्ण जानकारी एवं ऑनलाइन जमा करने हेतु कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करे। • निविदाकार अपनी निविदा उपरोक्त दिनांक को **15:00 बजे** तक भारतीय रेलवे की वेबपोर्टल **www.ireps.gov.in** पर ऑनलाइन जमा कर सकते है।• इस निविदा के अन्तर्गत मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी एवं प्राप्त मैनुअल निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। **1120/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उत्तर मध्य रेलवे**

पत्र सं.: JHS/Commercial/E-Auction/2025 दिनांकः 23.06.2025

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), उत्तर मध्य रेलवे, झांसी द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है :-

**श्रेणीः** पार्किंग — **केटलोग संख्याः** झाँसी-पार्किंग-39

**एसेट्स डिटेल्सः** झाँसी मंडल के अलग-अलग श्रेणी के रेलवे स्टेशनों में दो पहिया एवं चार पहिया वाहनों के पार्किंग ठेके हेतुः-

| क्र.सं. | स्टेशन | स्थान | ई-नीलामी प्रारम्भ की तिथि व समय | ई-नीलामी समाप्त की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | VGLJ | Near west side booking office | दिनांक 07.07.2025 को समय- 12:00 से | दिनांक 07.07.2025 को समय- 12:40 तक |
| 2 | BNDA | PF No. 01 side | | |

**नोट-** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाइन वेवसाइट- **www.ireps.gov.in** के **e-auction module** के माध्यम से की जाएगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। **1109/25 (A)**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अपने सम्मानित रेलयात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी सं. 01922/01921 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी -पुणे सुपरफास्ट विशेष रेलगाड़ी (साप्ताहिक)**

| गाड़ी सं. 01922 वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-पुणे | | | गाड़ी सं. 01921 पुणे-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| बुध. | 12:50 | वी. लक्ष्मीबाई झाँसी | 10:00 | शुक्र. |
| 13:53 | 13:55 | ललितपुर | 08:30 | 08:32 |
| 15:18 | 15:20 | बीना | 07:33 | 07:35 |
| 16:20 | 16:22 | विदिशा | 05:30 | 05:32 |
| 17:15 | 17:25 | रानी कमलापति | 04:40 | 04:50 |
| 18:43 | 18:45 | नर्मदापुरम | 03:18 | 03:20 |
| 19:15 | 19:20 | इटारसी | 02:55 | 03:00 |
| 22:21 | 22:23 | खंडवा | 00:42 | 00:45 |
| 00:10 | 00:15 | भुसावल | 22:40 | 22:45 |
| 03:55 | 04:00 | मनमाड. | 20:15 | 20:20 |
| 04:58 | 05:00 | कोपरगांव | 18:58 | 19:00 |
| 06:52 | 06:55 | अहमदनगर | 17:17 | 17:20 |
| 10:03 | 10:05 | दौंड कॉर्ड लाइन | 16:13 | 16:15 |
| 11:35 | गुरु. | पुणे | गुरु. | 15:15 |

**वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी सेः** गाड़ी संख्या 01922, प्रत्येक बुधवार, दिनांक 02.07.2025 से 31.12.2025 तक। **पुणे सेः** गाड़ी संख्या 01921, प्रत्येक गुरुवार, दिनांक 03.07.2025 से 01.01.2026 तक। **गाड़ी संरचनाः** वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, स्लीपर श्रेणी-07 एवं सामान्य श्रेणी-04

नोटः ट्रेन की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1115/25(ADM)



**विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों का संचालन**

उत्तर मध्य रेलवे द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ी के अतिरिक्त फेरों के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत हैः-

**04137/04138 ग्वालियर-बरौनी विशेष रेलगाड़ी (सप्ताह में दो दिन)**

| गाड़ी सं. 04137 ग्वालियर-बरौनी | | | गाड़ी सं. 04138 बरौनी-ग्वालियर | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान |
| — | 07:10 | ग्वालियर | 10:20 | --- |
| 07:46 | 07:48 | डबरा | 08:40 | 08:42 |
| 08:15 | 08:17 | दतिया | 08:12 | 08:14 |
| 08:55 | 09:20 | वी.लक्ष्मीबाई झांसी | 07:25 | 07:50 |
| 10:50 | 10:52 | मोठ | 06:03 | 06:05 |
| 11:20 | 11:22 | एट | 05:37 | 05:39 |
| 11:43 | 11:45 | उरई | 05:16 | 05:18 |
| 12:25 | 12:27 | कालपी | 04:49 | 04:51 |
| 12:50 | 12:52 | पुखरायाँ | 04:33 | 04:35 |
| 15:00 | 15:05 | गोविंदपुरी | 02:35 | 02:40 |
| 16:05 | 16:07 | फतेहपुर | 00:43 | 00:45 |
| 18:00 | 18:05 | प्रयागराज जं. | 23:30 | 23:35 |
| 19:13 | 19:15 | ज्ञानपुर रोड | 22:30 | 22:32 |
| 20:25 | 20:30 | बनारस | 21:00 | 21:05 |
| 20:45 | 20:50 | वाराणसी | 20:35 | 20:40 |
| 21:48 | 21:50 | औंड़िहार | 19:18 | 19:20 |
| 22:45 | 22:50 | गाजीपुर सिटी | 18:10 | 18:15 |
| 00:05 | 00:10 | बलिया | 17:00 | 17:05 |
| 01:30 | 01:32 | सुरेमनपुर | 15:53 | 15:55 |
| 04:45 | 04:50 | छपरा | 14:00 | 14:05 |
| 06:00 | 06:05 | हाजीपुर | 11:35 | 11:40 |
| 06:45 | 06:47 | शाहपुर पटोरी | 10:40 | 10:42 |
| 08:00 | ---- | बरौनी | ---- | 09:45 |

• **गाड़ी सं. 04137ः ग्वालियर** से प्रत्येक रविवार व बुधवार को दिनांक 02.07.2025 से 28.12.2025 तक • **गाड़ी सं. 04138ः बरौनी** से प्रत्येक सोमवार व गुरूवार को दिनांक 03.07.2025 से 29.12.2025 तक

• **गाड़ी संरचनाः** चेयर कार-03, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, स्लीपर श्रेणी-05, सामान्य श्रेणी-07

नोटः ट्रेनों की समय-सारणी के सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail madad Mobile App या वेबसाइट railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करें।

उत्तर मध्य रेलवे

@CPRONCR North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in 1113/25(D)


# ग्वालियर से प्रारम्भ होकर बेंगलुरु जाने वाली पहली ट्रेन का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ

### ग्वालियर और दक्षिण भारत के रिश्तों को मजबूत करेगी यह नई ट्रेन- अश्विनी वैष्णव

### दक्षिण भारत की यात्रा होगी आसान, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के अवसर

### ग्वालियर से गुना होते हुए बंगलुरू के लिए सीधी ट्रेन की शुरुआत






**ग्वालियर कांस** डॉ मोहन यादव,मुख्यमंत्री, मध्य प्रदेश,केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रोद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव तथा केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ,विधान सभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, ऊर्जा मंत्री, मध्य प्रदेश श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर तथा सांसद ग्वालियर श्री भारत सिंह कुशवाह एवं उपस्थित अन्य अतिथियों के साथ ग्वालियर - एसएमवीट. बेंगलुरू एक्सप्रेस हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश?व?िनी वैष्णव ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह ट्रेन सेवा ग्वालियर, गुना, शिवपुरी, भोपाल सहित मध्य प्रदेश के बड़े हिस्से के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी, जहां से बड़ी संख्या में यात्री बेंगलुरु की ओर यात्रा करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्य प्रदेश में रेलवे के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। विगत एक वर्ष में मध्य प्रदेश के लिए 24,000 करोड़ रुपये की रेलवे परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जो राज्य के रेलवे मानचित्र में एक ऐतिहासिक परिवर्तन लाएंगी। इसके साथ ही उन्होंने सिंहस्थ कुंभ की तैयारियों का उल्लेख करते हुए कहा कि महाकुंभ-प्रयागराज की तरह की व्यवस्थाएं श्रद्धालुओं को उज्जैन और उसके आसपास के स्टेशनों में देखने को मिलेगी, जिसके लिए अभी से कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष (मध्य प्रदेश) नरेन्द्र सिंह तोमर ने रेल मंत्री सहित सभी गणमान्य अतिथियों का आभार व्यक्त किया और कहा कि हम ग्वालियर एवं मध्य प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए सतत प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा. सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर से शिवपुरी एवं गुना होते हुए बेंगलुरु जाने वाली इस रेल सेवा से क्षेत्रीय जनता को व्यापक लाभ मिलेगा। यह न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी प्रदान करेगी। उन्होंने कहा कि ग्वालियर रेलवे स्टेशन का एक गौरवशाली इतिहास रहा है और सिंधिया राजवंश के समय से ही यह एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन के अनुरूप ग्वालियर स्टेशन का पुनर्विकास कार्य प्रगति पर है, साथ ही एक्सप्रेस-वे और अन्य बुनियादी ढांचे का विकास भी जारी है, जो ग्वालियर को एक विकसित शहर के रूप में स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री (म.प्र) डॉ. मोहन यादव ने अपने वर्चुअल संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं रेल मंत्री अश?व?िनी वैष्णव के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे मध्य प्रदेश के विकास के प्रति विशेष रूप से संवेदनशील हैं।


स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक, रामविलास शर्मा द्वारा पहल प्रिंटर्स प्लाट नं. 27 बांके सैंथिया टाउन मौजा ककुआ आगरा, उत्तरप्रदेश से मुद्रित व 192,मानस नगर शाहगंज बोदला रोड आगरा (उत्तरप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक- रामविलास शर्मा मोबा.-9329077393
स्थानीय संपादक- संतोष शर्मा मो.97202 02708, email-sandhyapahal@yahoo.com आर.एन.आई.पंजीयन क्रमांक UPHIN/2008/25338 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना ही रहेगा।